हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(पटना से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08



माता-पिता की वजह से मृणाल ने ठुकरा दी थी कई फिल्में

WWW.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 29 अप्रैल 2024, वर्ष - 07, अंक - 71, पृष्ठ - 8, मूल्य - 3.00 | naisochexpreess@gamil.com

# बादशाहों, सुल्तान के अत्याचारों पर शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता : पीएम मोदी

## देश की तरक्की कांग्रेस को अच्छी नहीं लगाती

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को कर्नाटक में चुनाव प्रचार करने पहुंचे। रविवार को कर्नाटक में पीएम मोदी की चार चुनावी रैलियां है। सबसे पहले बेलगावी में उन्होंने रैली को संबोधित कर कहा कि 'कर्नाटक के सभी वोटर का अभिनंदन कर्नाटक में जहां-जहां गया सिर्फ एक स्वर सुनाई देता है फिर एकबार मोदी सरकार। उन्होंने कहा ईवीएम के बहाने कांग्रेस ने भारतीय लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिश की। 10 साल में भारत और शक्तिशाली हुआ भारत की पहचान लोकतंत्र के मां के रूप में होने लगी है। 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। भारत जब आगे बढ़ता हैं, तब हर भारतवासी को गर्व होता है। कांग्रेस देशहित से इतनी दूर हो गई है, परिवार हित में इतना खो चुकी है कि देश की तरक्की अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर कांग्रेस को शर्म आने लगी है। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे पाप को आगे बढ़ा रहे हैं, उनका राजपूतों पर जो बयान दिया आप सभी ने सुना होगा। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवराज, चिन्नमा महारानी जैसे महान लोगों का अपमान किया, जिनकी देशभक्ति आज भी हम सभी को प्रेरित करती है। यह सोच समझकर तुष्टीकरण की राजनीति के लिए दिया गया बयान है। राजा महाराज को बुरा कह दिया लेकिन बादशाहों, सुल्तान के अत्याचारों पर शहजादे के मुंह पर ताला लग जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन्होनें हमारे मंदिरों को तोड़ा अपमान किया वे उस औरंगेजब के गुणगान करने वालों के साथ हाथ मिलाते हैं। गौ हत्या, लूटपाट करने वाले नवाब शहजादे को वे याद नहीं आए जिन्होने भारत के विभाजन में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बद से बदतर हो रही है। यहां बेलगावी में एक बहन के साथ जो हुआ और जैन मुनि के साथ जो हुआ शर्मसार करने वाला है। हुगली में हमारी एक बेटी के साथ जो हुआ उस घटना ने पूरे देश में भूचाल ला दिया। बैंगलुरू के कैफे में बम धमका हुआ, तब उस भी गंभीरता से नहीं लिया गया।

## बीजेपी ने दिल्ली में लगाए पोस्टर लिखा- दिल्ली की राबड़ी देवी सुनीता केजरीवाल

**नई दिल्ली**। सतारुढ़ बीजेपी और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच दिल्ली में होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले पोस्टर वॉर शुरु हो गया है। इसी क्रम में दिल्ली बीजेपी ने दिल्ली सीएक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से आप का नया चेहरा बनकर उभरीं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल पर पोस्टर के जरिए हमला बोला है। सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को पूर्वी दिल्ली में आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार के समर्थन में रोड शो किया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, सुनीता केजरीवाल जब रोड शो कर रही थीं तब बीजेपी ने पूर्वी दिल्ली में उनका एक पोस्टर चस्पा कर दिया, जिस पर लिखा था, दिल्ली की राबड़ी देवी श्रीमती सुनीता केजरीवाल। इसके अलावा दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सिविल लाइंस स्थित केजरीवाल के आवास के पास एक फ्लैक्स लगाया है । बोर्ड पर लिखा है, शीश महल




- भ्रष्टाचार का अड्डा, मुख्यमंत्री निवास (शीश महल - भ्रष्टाचार का केंद्र, मुख्यमंत्री का निवास) और फ्लैक्स में एक तीर बना है जो अरविंद केजरीवाल के घर की और इशारा करता दिखाया है। बता दें कि, बीजेपी अरविंद केजरीवाल के घर को शीश महल कहती है और पार्टी का आरोप है कि इसके सौंदर्यीकरण पर करीब 45 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। अरविंद केजरीवाल के घर के पास लगे फ्लैक्स बोर्ड के बारे में सचदेवा ने कहा कि हमने वह रास्ता दिखाया है जहां से दिल्ली को लूटने की योजना बनाई गई थी। केजरीवाल के पद न छोड़ने के पीछे यही कारण है।

# रेलवे में हाफ टिकट पर नहीं मिलेगा बीमा का लाभ

एजेंसी। नई दिल्ली



रेल यात्रा के दौरान बच्चे का हाफ टिकट लेने पर उसे वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा। लेकिन पूरा किराया देकर सीट बुक कराने पर ही बीमा का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा आईआरसीटीसी ने एक अप्रैल से रेल यात्री वैकल्पिक बीमा का प्रति यात्री प्रीमियम बढ़ाकर 45 पैसे कर दिया है। पहले यह 35 पैसे था। मालूम हो कि रेल यात्री की मृत्यु होने पर 10 लाख रुपये, आंशिक विकलांग होने पर 7.5 लाख और अस्पताल में घायलों का इलाज कराने पर दो लाख रुपये आश्रित को दिए जाते हैं। इसके अलावा, 10 हजार रुपये सड़क परिहवन के लिए भुगतान किया जाता है। आईआरसीटीसी के अनुसार, रेल यात्री वैकल्पिक बीमा योजना का लाभ सिर्फ ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को मिलेगा। यानी रेलवे के टिकट काउंटर, निजी रेल बुकिंग काउंटर अथवा दलाल से खरीदे गए टिकट पर बीमा योजना लागू नहीं होगी। ट्रेन की सभी श्रेणियों एसी-1,2,3, स्लीपर, बर्थ आदि के कन्फर्म, आरएसी टिकट पर यह सुविधा लागू होगी। प्रतीक्षा सूची के रेल यात्री बीमा योजना के पात्र नहीं होंगे। ऑनलाइन टिकट बुक कराते समय रेल यात्री को बीमा योजना के विकल्प को चुनना होता है। इसके बाद बीमा कंपनी की ओर से रेल यात्री के मोबाइल और ई-मेल आईडी पर मैसेज आता है। किसी कारण से ट्रेन बदले हुए रेलमार्ग पर चलाई जाती है तब भी यात्री को बीमा कवर मिलेगा। वैकल्पिक ट्रेन बुकिंग में भी यात्री को बीमा लाभ मिलेगा। अपरिहार्य कारणों से रेलवे सड़क मार्ग से यात्रियों को गतंव्य तक पहुंचाती है तो, ऐसी स्थिति में भी यात्री बीमा लाभ के पात्र होंगे। बीमा कवर का उत्तराधिकारी नहीं होने पर दावा करने पर अदालत से बीमा का दावा दिया जाएगा। रेलवे की संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार 2018-19 में 34.40 करोड़ रेल यात्रियों ने बीमा कराया और बीमा कंपनियों को इसका प्रीमियम मद में 8.53 करोड़ रुपये मिला। वर्ष 2019-20 में 27.30 करोड़ यात्रियों ने बीमा के एवज में 13.38 करोड़ रुपये बीमा प्रीमियम का भुगतान किया। जबकि बीमा कंपनियों ने 2018-19 में दावा भुगतान 6.12 करोड़ और 2019-20 में 3.73 करोड़ रुपये किया। रेल यात्री वैकल्पिक बीमा योजना की शुरुआत सितंबर 2016 में की गई थी। तब प्रति यात्री बीमा का प्रीमियम 0.92 पैसा था, जो सरकार खुद देती थी। अगस्त 2018 में प्रीमियम घटाकर 0.42 पैसा प्रति यात्री कर दिया गया था और इसका बोझ यात्रियों पर डाल दिया गया।

खास खबर

## मैं तुरंत रिहाई का हकदार: केजरीवाल

**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने कथित आबकारी



नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉड्रिंग के एक मामले में बेहद मनमाने तरीके से काम किया। अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे के जवाब में केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है। आम आदमी पार्टी के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह 9 बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। केजरीवाल ने कहा, 'जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का सरासर अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है।केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्रवाई में साफ झूठ उजागर हो जाएगा।

## गुजरात में 86 किलो ड्रग्स बरामद, 14 पाकिस्तानी गिरफ्तार



**पोरबंदर**। गुजरात के पोरबंदर के निकट अरब सागर से आई ड्रग्स की बड़ी खेप जब्त की है। सुरक्षा एजेंसियों ने शनिवार की रात अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तान नाव को पकड़ा है। नाव से 86 किलो ड्रग्स बरामद हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने नाव पर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। इन पाकिस्तानियों को पोरबंदर लाकर पूछताछ की जा रही है। इंडियन कोस्टगार्ड, गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक इनपुट के आधार पर पोरबंदर के निकट अरब सागर में अंतराष्ट्रीय सीमा के पास संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध एक पाकिस्तानी नाव का पकड़ लिया। इस नाव की तलाशी लेने पर 86 किलो ड्रग्स मिला। सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी नाव पर सवार 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर को पकड़ लिया। इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए भारतीय कोस्टगार्ड ने जहाजों और एयरक्राफ्ट तैनात किए थे। इनमें आईसीजी जहाज राजरतन थी शामिल था। जिसमें एनसीबी और एटीएस के अधिकारी थे, जिन्होंने संदिग्ध नाव की पहचान की।

## हमास को इजराइल ने भेजा प्रस्ताव और गाजा पर दांगी मिसाइलें

एजेंसी। तेल अवीव

गाजा पट्टी में हमास और इजरायल के बीच काफी दिनों युद्ध चल रहा है। इस युद्ध में अभी तक न हमास ने घुटने टेक रहा हैं और न ही इजरायल हमले करना बंद कर हैं। हालांकि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर बातचीत जारी है। हमास ने इजरायली बंधकों के नए वीडियो जारी कर इजरायल को फिर भड़का दिया है। इजरायल ने हमास को युद्धविराम का ऑफर देते हुए कहा है कि यह आखिरी मौका है और इजरायल ने हमास को प्रस्ताव भेजा, उधर, मध्य और दक्षिणी गाजा में ताबड़तोड़ हमले भी किए हैं। इजरायली बमबारी में 22 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर मासूम बच्चे हैं। पूरी दुनिया में इजराइल की इस बमबारी को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इजरायल के प्रस्ताव पर फिलिस्तीनी चरमपंथी समूह हमास का कहना है कि

- इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम को लेकर बातचीत जारी



उसे गाजा में संभावित युद्धविराम के बारे में अपने नए प्रस्ताव पर इजरायल की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिल गई है और जवाब देने से पहले वह दस्तावेज का अध्ययन करेगा। गाजा के उप प्रमुख खलील अल-हया ने एक बयान में कहा है कि हमास को 13 अप्रैल को मिस्र और कतरी मध्यस्थों को प्रस्तुत प्रस्ताव पर जायोनी कब्जे की आधिकारिक प्रतिक्रिया मिली है।

# सीडीएस के दौरे से भारत-फ्रांस के लंबे समय से चले आ रहे संबंध और मजबूत हुए

- सीडीएस ने फ्रांसीसी रक्षा उद्योग के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बातचीत की
- प्रथम विश्व युद्ध में पश्चिमी मोर्चे पर शहीद भारतीय जवानों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी। नई दिल्ली



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान चार दिवसीय फ्रांस का दौरा करके भारत लौट आये हैं। उनके इस दौरे ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि की है। साथ ही दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत किया है। जनरल अनिल चौहान ने फ्रांसीसी अंतरिक्ष कमान तथा लैंड फोर्सज कमांड का दौरा किया। इसके अलावा उन्होंने इकोल मिलिटेयर (मिलिट्री स्कूल) में सेना और संयुक्त स्टाफ कोर्स के सैन्य छात्र अधिकारियों को संबोधित किया। सीडीएस जनरल चौहान ने पेरिस में फ्रांसीसी नौसेना समूह मुख्यालय का दौरा किया, जहां शीर्ष अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और स्कॉर्पीन मॉडल प्रस्तुत किया। सीडीएस की फ्रांसीसी सैन्य कैबिनेट के निदेशक पैट्रिक पैलौक्स, सैन्य कैबिनेट के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल विंसेंट जिराउड और उनके समकक्ष जनरल थिएरी बर्कहार्ड के साथ बातचीत ने सामान्य हितों और पारस्परिक सुरक्षा चिंताओं के क्षेत्रों पर विचारों के आदान-प्रदान को सक्षम बनाया। सीडीएस ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पश्चिमी मोर्चे पर लड़ने वाले भारतीय अभियान बल के सैनिकों की असाधारण बहादुरी के लिए न्यूवे-चैपल और विलर्स-गुइस्लैन के युद्ध स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ये स्मारक लंबे समय से चले आ रहे भारत-फ्रांस संबंधों के प्रमाण हैं। यात्रा के दौरान सीडीएस ने सैन्य उपकरणों और उच्च प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए फ्रांस के आयुध महानिदेशालय के जनरल प्रतिनिधि इमैनुएल चिवा से मुलाकात की।

## लवली का इस्तीफा स्वीकार, जल्द मिलेगा प्रदेश कांग्रेस को नया अध्यक्ष

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी नेता अरविंद सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ने मीडिया से बातचीत में इसकी जानकारी दी है। अरविंद सिंह लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन और पार्टी के दो उम्मीदवारों के चयन को लेकर सवाल उठाए थे। इसके बाद से ही भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पर हमलावर है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने लवली के इस्तीफे पर कहा कि इस्तीफ़ा इस बात को साबित करता है कि सत्ता के लालच में कांग्रेस का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि उनके अपने पार्टी वर्कर आम आदमी पार्टी के साथ गठजोड़ को लेकर नाराज़ हैं। इस गठजोड़ के बावजूद कांग्रेस दिल्ली की सारी सीटों पर हार रही है। जिस जहाज़ के कैप्टन राहुल गांधी है उस जहाज़ की सवारी कोई नहीं करना चाहता। इस्तीफा के बाद से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित भी शामिल हैं अरविंद सिंह लवली के घर पहुंचे। घर के बाहर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। इस्तीफा देने के बाद पत्रकारों से बातचीत में लवली ने कहा कि अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि वह किसी अन्य पार्टी में नहीं जा रहे हैं। सिद्धांतों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पीड़ा का जिक्र करते हुए उन्होने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। वे मिलने आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देना चाहता हैं।

## महादेव बेटिंग ऐप मामले में अभिनेता साहिल खान गिरफ्तार

**मुंबई**। महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले कई दिग्गजों की नींद उड़ा रखी है। इस मामले में लोगों से पूछताछ हो रही है संतोषजनक जवाब नहीं देने वाले गिरफ्तारी भी हो रही है। अभिनेता साहिल खान से भी पहले पूछताछ हुई इसके विवाद में उन्हे गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें इस मामले में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए मुंबई पुलिस ने एप के प्रमोटर समेत 32 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जुए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इन लोगों में अभिनेता साहिल खान का भी नाम है। मुंबई पुलिस ने एसआईटी ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। कुछ दिनों पहले एसआईटी ने उनसे पूछताछ की थी। इससे पहले एक्टर ने जमानत के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई। अभिनेता लोटस बुक 24/7 नामक एक सट्टेबाजी एप वेबसाइट में भागीदार हैं। यह महादेव सट्टेबाजी ऐप नेटवर्क का हिस्सा है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 420, 465, 467, 468, 471, 120 (बी) के तहत दर्ज एफआईआर में अभिनेता साहिल खान और डाबर कंपनी के गौरव बर्मन और मोहित बर्मन और अन्य के नाम शामिल किए हैं। बता दें कि इस सट्टेबाजी एप के जरिए लोगों को 15,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गई है।

# केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ से दाखिल करेंगे नामांकन पत्र

एजेंसी। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान खत्म हो चुका है और सभी राजनीतिक दल अब तीसरे चरण के लिए अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रैली और चुनाव प्रचार करने में जुटे हैं। इसी बीच केंद्रीय रक्षा में राजनाथ सिंह तीसरी बार लखनऊ से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। वह सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। राजनाथ के साथ ही केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर भी मोहनलालगंज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। 26 अप्रैल से नामांकन पत्र दाखिल करने का दौर शुरु हो चुका है और अब तक लोकसभा के लिए किसी भी दल के उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिग्गजों के नामांकन पत्र दाखिल करने को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए है। डीएम ने निर्देश दिया कि वेटिंग रूम भी बनाए जाए ताकि नामांकन दाखिल करने आए उम्मीदवारों और उनके प्रस्तावकों को बैठाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया। पूरे परिसर की निगरानी के लिए पहले ही 34 कैमरे लगा दिए गए हैं। राजनाथ सिंह के नामांकन दाखिल करने के दौरान कलेक्ट्रेट में बनाए गए कंट्रोल रूम से पुलिस पूरे परिसर की निगरानी करेगी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरेकेडिंग की जा रही है। बैरियर से नामांकन हेतु जाने वाले उम्मीदवारों के साथ प्रस्तावकों के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति प्रवेश नही कर पाएगा। राजनाथ सिंह के नामांकन जुलूस में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी, यूपी के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल भी शामिल होंगी। रक्षा मंत्री सोमवार को सुबह 10.20 बजे बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे और फिर जुलूस के रुप में नामांकन दाखिल करने जाएंगे।

# हिंदू लड़कियों के जबरन मतांतरण का विरोध शुरू

एजेंसी। कराची

दो वर्ष पहले मोहर्रम जुलूस के दौरान प्रिया लापता हो गई और उसका अभी तक पता नहीं चला है।सोहैल ने सिंध हिंदू लड़कियों के जबरन मतांरण और मुस्लिम पुरुषों के साथ शादी कराने की खतरनाक परिपाटी को उजागर किया। अकसर देश में कट्टरपंथी लोगों के प्रभाव में यह काम किया जाता है। सोहैल ने ऐसे कृत्य के आरोपित लोगों का पक्ष लेने के लिए न्यायपालिका की आलोचना की और प्रिया कुमारी जैसी पीड़िता के लिए न्याय की मांग की। इस तरह की घटनाओं को लेकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन मतांतरण का पुरजोर विरोध हो रहा है। सिंध प्रांत को अलग देश बनाने की मांग करने वाले संगठन जय सिंध फ्रीडम मूवमेंट (जेएसएफएम) के चेयरमैन सोहैल अब्रो ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से दो वर्ष से लापता हिंदू लड़की सात वर्षीया प्रिया कुमारी



की सुरक्षित रिहाई के लिए हस्तक्षेप की मांग की है। इंटरनेट मीडिया पर अपने संदेश में सोहैल ने कहा, सिंधी हिंदू लड़कियों का जबरन मतांतरण और मुस्लिम व्यक्तियों से शादी कराई जाती है। आरोपित स्वतंत्र घूम रहे हैं। यहां तक कि जब लड़की अपने परिवार में लौटने की इच्छा व्यक्त करती है तो अदालतें ऐसा करने से इन्कार कर देती हैं, क्योंकि अदालतें उन लोगों के पक्ष में खड़ी रहती हैं।विश्व सिंधी कांग्रेस ने हिंदुओं की दुर्दशा उजागर कीविश्व सिंधी कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र आयोग की ओर से 23 अप्रैल को आयोजित कान्फ्रेंस में पाकिस्तान में सिंधी हिंदुओं की दुर्दशा का मुद्दा उठाया। सिंधी कांग्रेस ने प्रभावशाली जमींदार द्वारा प्रिया जैसी लड़कियों के अपहरण समेत उनकी दुर्दशा का उल्लेख किया। पिछले दो वर्ष में सौ से ज्यादा सिंधी हिंदू लड़कियों का जबरन मतांतरण और विवाह कराया गया है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में जज का अपहरण पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों ने शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि शकीरुल्लाह मारवात का अफगानिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के पास अपहरण किया गया। डेरा इस्माइल खान के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मोहम्मद अदनान ने कहा कि घटना बग्वाल नामक गांव में हुई। जज का अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से लौट रहे थे। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई। जज के अपहरण की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

## संविधान बदलने की बात करने वाले बीजेपी नेताओं को प्रधानमंत्री की सहमति

**लातूर**। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी-वाड्रा ने लातूर महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में दावा किया कि बीजेपी नेता संविधान



बदलने की जो बात कर रहे हैं, उसके पीछे उनको पीएम नरेंद्र मोदी का समर्थन प्राप्त है। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए लातूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी के मंत्री और नेता खुलेआम कह कर रहे हैं कि 400 से ज्यादा सीटें मिलने के बाद संविधान बदल दिया जाएगा। प्रियंका ने आरोप लगाया कि और ऐसा पीएम की सहमति" से हो रहा है। प्रियंका गांधी शनिवार को लातूर (एससी) लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे इंडिया-एमवीए-कांग्रेस उम्मीदवार शिवाजी कालगे के लिए प्रचार कर रही थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बीजेपी देश की जनता को संविधान द्वारा दिए गए समान अधिकारों से वंचित करने और देश को कमजोर करने के लिए संविधान को बदलना चाहती है। उन्होंने आगे कहा कि मामला सार्वजनिक होने के बाद पीएम मोदी ने इस मामले को दरकिनार करने का प्रयास किया और संविधान के साथ छेड़छाड़ की किसी भी कोशिश से इनकार किया।

## ममता को गिरफ्तार करने और टीएमसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**खड़गपुर**। पश्चिम बंगाल में टीएमसी और भाजपा के बीच लंबे समय से सियासी तनातनी चल रही है। हिंसा के लिए



भी एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं। संदेशखाली मामले में भाजपा पहले से ही मुखर है। इसके बाद जब यहां से गोला-बारुद बरामद हुए तो विरोध की चिंगारी इस कदर बढ़ी की भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल ने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को गिरफ्तार करने और टीएमसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी। सीएम बनर्जी पर निशाना साधते हुए बीजेपी नेता ने कहा, वह (ममता बनर्जी) किस तरह की महिला और सीएम हैं कि वह हत्यारे, बलात्कारियों और आतंकवादियों का पक्ष ले रही हैं। वे (टीएमसी) उन लोगों को बचाने के लिए कोर्ट जा रही है जिन्होंने नौकरियों के लिए रिश्वत ली। आज शेख शाहजहां के गुंडे के पास से बम, आरडीएक्स के साथ एक पिस्तौल भी बरामद हुई जो पुलिस की है। क्या वे संदेशखाली जैसी जगहों पर विस्फोट करने की साजिश रच रहे हैं? पॉल ने कहा, हम मांग कर रहे हैं कि टीएमसी पर प्रतिबंध लगाया जाए और ममता बनर्जी को गिरफ्तार किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

## बिहार में एक मई तक हीटवेव को लेकर अलर्ट

**• शेंखुपार का पारा पहुंचे 45 के करीब**

**पटना**। बिहार के लोगों को अगले चार दिनों तक गर्मी, लू और हीटवेव से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग की ओर से एक मई तक प्रदेश के कई जिलों में लू और हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। राजस्थान से आ रही उत्तरी-पछुआ शुष्क गर्म हवा और कड़ी धूप की वजह से आज भी प्रदेश के कई जिले भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहेंगे। प्रदेश में शेखपुरा का तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया है। वहीं औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई, बाँका, गोपालगंज एवं खगड़िया जिलों के कुछ स्थानों पर लू की स्थिति है। वहीं इसके अलावा प्रदेश के शेष भागों में हॉट डे देखा गया। वहीं 29 अप्रैल को औरंगाबाद, दरभंगा, मोतिहारी, शेखपुरा, जमुई, बांका, गोपालगंज, पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया एवं खगड़िया जिलों के कुछ स्थानों पर लू की संभावना है। शेष भागों के जिले में हॉट डे होने की संभावना है। 30 अप्रैल को दरभंगा, मोतिहारी, गोपालगंज, पूर्णिया, दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व एवं दक्षिण-मध्य भाग के जिले के कुछ स्थानों पर लू की संभावना है। इसके अलावा शेष जिलों में हॉट डे रहने की संभावना है। 1 मई को दरभंगा, मोतिहारी, गोपालगंज, पूर्णिया, दक्षिण-पश्चिम, दक्षिण-पूर्व एवं दक्षिण-मध्य भाग के जिले के कुछ स्थानों पर लू और शेष जिलों में हॉट डे रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार आज 28 अप्रैल को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सतही हवा का रफ्तार 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 40 किलोमीटर प्रति घंटे रहने कि संभावना हैं।इस दौरान घर से बाहर निकलने से बचे तथा अपने आप को हाइड्रेटेड रखें एवं ओआरएस, घर का बना पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें। रविवार को शेखपुरा सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री दर्ज किया है। इसी तरह से पटना का अधिकतम तापमान 41.4, गया का अधिकतम तापमान 42, भागलपुर का 40.1, नवादा का 42.9, मुजफ्फरपुर का 38, भोजपुर 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सरकारी तालाबों में पानी की व्यवस्था को सरकार : ऋषिकेश

**पटना**। मछली और उससे जीविकोपार्जन करने वाले मछुआरों को तालाबों से गहरा नाता है। लेकिन वर्तमान में राज्य के 90 प्रतिशत तालाब सूखे है। ऐसे में सरकार को तत्काल बोरिंग की व्यवस्था कर तालाबों को बचाने की जरूरत है। तालाब बचेंगे तभी मछली बचेंगी और मछुआ बेचेंगे। वर्तमान में तालाबों में पानी नहीं है, मछली मर रही और मछुआ परेशान है।अगर सरकार राज्य के 72 हजार तालाबों पर मुफ्त में बोरिंग की व्यवस्था कर देती है तो तालाबों में पानी की व्यवस्था हो जाएगी और इससे मछली और मछुआरों की बचाने में मदद मिलेगी। ये बाते बिहार की राजधानी के मीन भवन में आयोजित बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहकारी संघ की आम सभा में प्रबंधक निदेशक ऋषिकेश कश्यप ने कही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मछुआरों के हितों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। आज मछुआ समाज ऋण के लिए सूदखोरों के चंगुल मे फंसा है। उन्हे बिना ब्याज के मत्स्य क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण मिलना चाहिए।ताकि मछुआ समाज भी आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। श्री कश्यप ने इस बात पर जोर दिया कि मछुआरों के लिए भी सरकार सुधा की तरह सरकार जगह-जगह काउंटर की व्यवस्था करें। वर्तमान में मछुआ समाज की महिलाएं नालों के किनारे या अन्य गंदी बस्तियों में जमीन पर बैठकर मछली बेच रही है।सभा की अध्यक्षता करते हुए संस्था के अध्यक्ष प्रयाग सहनी ने कहा कि सरकार संगठन को प्रखंड स्तर पर मजबूत बनाने के लिए संस्था को सहयोग करे। वर्तमान में प्रखंड स्तर पर सहकारी समितियों को किसी तरह की मद्द नहीं की जा रही है। अगर सरकार प्रखंड स्तर पर मद्द करेगी तो राज्य में मत्स्य उत्पादन में काफी वृद्धि की जा सकती है। वर्तमान में बड़ी मात्रा में मछली आंध्रप्रदेश और बंगाल से मंगाई जा रहे है। इससे राज्य के गरीब मछुआरों की काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मखाना का उत्पादन भी तालाबों में पानी नहीं होने के कारण गिर रहा है। मखाना उत्पादन के लिए भी सरकार का कदम बढ़ाना होगा।आम सभा में राज्य के कोने-कोने से आये प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि मछुआ समाज एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लडेगा। संगठन जल्द ही अपनी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए व्यापक अभियान शुरू होगा। इस अवसर पर निदेशक मदन कुमार, लाल बाबू सहनी, दिनेश सहनी, अभिलाष कुमार, सानिध्या राज, शिव नंदन प्रसाद, नरेश प्रसाद सहनी, प्रदीप सहनी, लालो सहनी एवं नरेश सहनी, ब्रजेन्द्र नाथ सिंहा, श्रीमति पद्मजा प्रियदर्शनी, मिनाक्षी कुमारी, प्रियम्बदा कुमारी, गुड्डी बेगम, सिमरन, मो॰ मुनव्वर अली, सोमुजीत पॉल, संघ के संबंधित प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रतिनिधि एवं संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## बैलेट और बुलेट राज से बाहर निकलें तेजस्वीः सेतु

**पटना**। जदयू के प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को बैलेट और बुलेट राज की पुरानी मानसिकता से बाहर निकलने की नसीहत दी है। रविवार को जारी बयान में उन्होंने नेता विपक्ष तेजस्वी यादव से कहा है कि बैलेट पेपर की जिस पुरातनपंथी तकनीक से मतदान कराने की मांग इंडिया गठबंधन कर रहा था, उसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। उसकी जगह ईवीएम से होने वाले चुनाव को ही सही ठहराया है। देश की शीर्ष अदालत ने यह भी कह दिया है कि बैलेट पेपर से चुनाव कराना अब संभव नहीं है। श्री सेतु ने कहा है कि बैलेट पेपर वैसे भी व्यावहारिक नहीं रह गया था। फिर भी विपक्षी महागठबंधन इसी से चुनाव कराने पर अड़ा है। इससे उसकी मंशा पर संदेह होता है। बैलट पेपर से मतदान के दौर में बुलेट के जोर से जिस तरह से बूथ कब्जा होता था और लोकतंत्र का चीरहरण होता था, वह किसी से छुपा नहीं है। लोगों को जंगलराज की याद ताजा हो जाती है। मतदान के दौरान गोला-बारूद और बुलेट से बाहुबल का जो तांडव होता था, उसे लोग भूले नहीं हैं। एक बार जब ईवीएम की नई तकनीक से जब मतदान की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है तो उसे फिर खत्म करने का कोई तुक नहीं है। तमाम कोशिशें करके भी विपक्ष ईवीएम में आज तक एक भी खामी साबित नहीं कर सका। ऐसे में इसकी जगह बैलेट को फिर चलन में लाना सही नहीं होगा। श्री सेतु ने कहा है कि पूरे विश्व में अब ईवीएम से ही मतदान हो रहा है। वैसे भी विपक्ष जब किसी चुनाव में जीत हासिल करता है, तो ईवीएम पर कुछ नहीं बोलता और जब कहीं हारता है तो ईवीएम में दोष निकालने लगता है। जनता भी अब ईवीएम की नई तकनीक को स्वीकार कर चुकी है। विपक्षी महज अपनी तय हार को सामने देखकर बौखलाया हुआ है।

## अति पिछड़ा बीमा भारती के चुनाव प्रचार से जान बूझकर लालू ने काटी कन्नीः अंजुम

**पटना**। प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अंजुम आरा ने लालू प्रसाद यादव पर अति पिछड़ा विरोधी होने का आरोप लगाया है। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि खराब स्वास्थ्य और तपती गर्मी के बाद भी लालू प्रसाद बेटी रोहिणी आचार्य के लिए छपरा में घूम-घूमकर लोगों से वोट मांग रहे हैं, चुनावी जनसभा कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ पूर्णिया से उन्हीं की पार्टी से गरीब और अति पिछड़ा समुदाय से उम्मीदवार बीमा भारती के चुनाव प्रचार के लिए उनके पास समय नहीं था। उन्होंने लालू प्रसाद से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या अति पिछड़ा समुदाय के लिए उनके दिल में यही सम्मान की भावना है? लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दरअसल यही सच्चाई है लालू प्रसाद यादव की राजनीति की। जहां एक तरफ लालू प्रसाद यादव परिवारवाद के पोषक बने हुए हैं, छपरा में बेटी रोहिणी आचार्य के लिए वोट मांग रहे हैं, वहीं अति पिछड़ा समुदाय की बेटी बीमा भारती के चुनाव प्रचार से वो कन्नी काट गए। उन्होंने कहा कि केवल वोट पाने के लिए उनके दिल में पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलितों के लिए सम्मान झलकता है। उन्होंने लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए कहा कि, आखिर ये दोनों पिता-पुत्र की अति पिछड़ों के प्रति कैसी राजनीति है? पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि दरअसल लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने अति पिछड़ा समुदाय की बेटी बीमा भारती का एक तरह से राजनीतिक कत्ल करने का काम किया है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि सच्चाई ये है कि, दोनों पिता-पुत्र कभी नहीं चाहते कि राज्य में अति पिछड़ा समुदाय सशक्त हो और उस समुदाय का कोई भी उम्मीदवार चुनाव जीते।

# लेखक जियालाल आर्य की लेखन-शैली मोहित करती है : नंद किशोर यादव

नई सोच एक्सप्रेस




**• साहित्य सम्मेलन में श्री आर्य के उपन्यास 'सफ़ेद चादर' का हुआ लोकार्पण, हुई लघुकथा-गोष्ठी**

**पटना**। वरिष्ठ लेखक श्री जियालाल आर्य की लेखन शैली मोहित करती है। उनका उपन्यास 'सफ़ेद चादर' एक ऐसी रचना है, जिसे पढ़ना आरंभ करने के बाद समाप्त किए बिना छोड़ने का मन नहीं करता। समाज को केंद्र में रखकर अनेक उपन्यास लिखे गए हैं, किंतु श्री आर्य का यह उपन्यास हिन्दी साहित्य में विशेष महत्त्व रखता है। यह बातें रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, बिहार के पूर्व गृह सचिव और वरिष्ठ लेखक जियालाल आर्य के उपन्यास 'सफ़ेद चादर' का लोकार्पण करते हुए, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कही। श्री यादव ने कहा कि पुस्तक के लेखक भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में, समाज के विभिन्न स्तरों से जुड़े रहे हैं। इनके सामाजिक सरोकारों और अनुभवों से इनकी लेखनी समृद्ध हुई है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि, लोकार्पित पुस्तक के लेखक एक संवेदनशील और गहन सामाजिक-दृष्टि रखने वाले रचनाकार हैं। 'सफ़ेद चादर' में इनकी लोक-चेतना और जीवन के अनेक मूल्यों को अभिव्यक्ति मिली है। यह एक मर्म-स्पर्शी और हिन्दी उपन्यास में विशेष स्थ्स्न रखने वाली अत्यंत मूल्यवान कृति है, जिसमें आंचलिकता और ग्राम्य-जीवन के विविध पहलुओं के साथ जीवन-संघर्ष, जिजीविषा और जीवटता को शक्ति मिली है। कथा-नायिका के माध्यम से लेखक ने यह सिद्ध किया है कि जीवन और समाज के प्रति आस्था रखने वाले लोग कभी पराजित नही होते। वे समाज के होते हैं और समाज उनका हो जाता है। समारोह के मुख्यअतिथि और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि लोकार्पित पुस्तक के लेखक अपनी प्रशासनिक सेवा की भाँति साहित्य-सेवा में भी प्रशंसनीय प्रतिष्ठा अर्जित की है। लोकार्पित पुस्तक से हिन्दी के पाठक अवश्य ही लाभान्वित होंगे। पुस्तक के लेखक जियालाल आर्य ने कृतज्ञता-ज्ञापित करते हुए, कहा कि, यह पुस्तक एक सच्ची कहानी पर आधारित है। इस कथा की नायिका की संघर्ष-गाथा और उनके त्याग-बलिदान का मैं साक्षी रहा हूँ। यह एक भारतीय गाँव की कहानी है, जिसके अनेक पात्र अब भी जीवित हैं। कथा-नायिका के महान संघर्ष और उनकी समाज-सेवा ने मुझे इसे उपन्यास का रूप देने के लिए प्रेरित किया। यह संघर्षरत लोगों के लिए प्रेरणादायक सत्य-कथा है। समारोह के विशिष्ट अतिथि और दूरदर्शन, बिहार के कार्यक्रम-प्रमुख डा राज कुमार नाहर, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा, डा ध्रुव कुमार तथा डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन के प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया। इस अवसर पर, आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, डा शंकर प्रसाद ने 'रंग' शीर्षक से, कुमार अनुपम ने 'थप्पड़', डा पुष्पा जमुआर ने 'नज़रिए की बात', मीना कुमारी परिहार ने 'अक़्ल पर पत्थर', प्रभा कुमारी ने 'जाड़े की रात", चितरंजन लाल भारती ने "तरक़्क़ी", प्रियंका ने 'हिन्दी का महत्त्व', बिंदेश्वर प्रसाद गुप्त ने 'दंश', नीता सहाय ने "जब अपने पर आयी" तथा डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने 'सुख का अनुभव' शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। समारोह में, डा शालिनी पाण्डेय, नीता सहाय, नरेंद्र कुमार झा, डा चंद्रशेखर आज़ाद, डा कुंडन लोहानी, आनन्द शर्मा, अधिवक्ता दीपक कुमार, सच्चिदानन्द शर्मा, कवि पंकज वसंत, भास्कर त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में सुधीजन और साहित्यकार उपस्थित थे।

## अपराधी छवि के उम्मीदवारों को उखाड़ फेंके - शिशुपाल

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना** - प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। फाउंडेशन के संयोजक पत्रकार शिशुपाल ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें। आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान । उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे । वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे । लाखो कुर्बानी देकर हमे मिला है वोट का अधिकार इसका प्रयोग हर देश भक्त को करना ही चाहिए । वही धर्मरक्षक राजेश गिरी जी महाराज ने कहा कि जीवन मे हमेशा सर्वोत्तम को ही चुने उसे चुने जो सबका सुने ।अभियान में विकाश कुमार, हिमांशु शर्मा , सुजीत कुमार समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## आज से दो महीने तक नहीं होंगे कोई मांगलिक कार्य

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। 28 अप्रैल रविवार इस सीजन का अंतिम लगन रहा और इस महीने का अंतिम लग्न-मुहूर्त है। इसके बाद दो महीने मई और जून में मांगलिक कार्यक्रम नहीं होंगे। ज्योतिष शास्त्र के विद्वान आचार्य राकेश झा ने बताया कि 29 अप्रैल सोमवार को पूर्व दिशा में शुक्र ग्रह अस्त हो रहा है। फिर 6 मई को पश्चिम दिशा में गुरु ग्रह अस्त हो जायेगा। इन दो प्रमुख ग्रहों के अस्त हो जाने से मांगलिक कार्यक्रम पर रोक लग जाएगा।आचार्य राकेश झा ने कहा कि प्रमुख ग्रहों के अस्त या नीच होने की स्थिति में विवाह का शुभ मुहूर्त नहीं होता है। जुलाई में शुक्र के उदय होने के बाद शादी-ब्याह का सिलसिला शुरू हो जाएगा। फिर 17 जुलाई को हरिशयन एकादशी के बाद से चार महीने के लिए मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे। विवाह संस्कार के शुभ योग के लिए गुरु, शुक्र और सूर्य का शुभ होना जरूरी है। वहीं, उपनयन, मुंडन, भूमि पूजन, गृहप्रवेश आदि मांगलिक कार्य भी नहीं होंगे। खरमास के बाद शादी-ब्याह का सिलसिला शुरू हो जाएगा। पंचांगीय गणना के अनुसार मिथिला पंचांग में जुलाई में कुल 3 लग्न मुहूर्त है। वहीं, बनारसी पंचांग में 7 मुहूर्त है।

## भारत का संविधान ,लोकतंत्र औरआरक्षण सभी सुरक्षित : पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।जदयू मीडिया पैनलिस्ट डॉ. मधुरेंदु पांडेय ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के बयानों पर कड़ी आपत्ति जताई।पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा कि भारत का संविधान ,लोकतंत्र औरआरक्षण सभी सुरक्षित है। भारतीय लोकतंत्र काफी मजबूत है। महागठबंधन नेताओं के पास देश हित में कोई मुद्दा नहीं रहने के कारण इन सब बातों को आधार बना रहे हैं और जनता को दिगभ्रमित करने का काम कर रहे हैं। पांडेय ने महागठबंधन को अपरिपक्व नेताओं व जातीय आधार पर बने आधार विहीन नेताओं की भीड़ बताया।साथ ही विरासत में मिली राजनीति करनेवाले अनुभवहीनता का केंद्र बताया।कहा की लोकसभा चुनाव में महागठबंधन बुरी तरह पराजित होगी।राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद लोकसभा चुनाव में हार को भांपते हुए अनुचित एवं गैर जिम्मेदाराना बयान के जरिए जनता में डर पैदा करने एवं गुमराह करने का काम कर रहे हैं। कहा की विकासशील बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए बिहार की जनता चट्टानी एकता के साथ एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर रहे हैं।राज्य के सभी वर्गों व धर्मो के लोग बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं एनडीए के साथ खड़ा है। यंहा की जनता राज्य में पुनः जंगलराज की पुनरावृति नहीं चाहती।बिहार की चालीसों सीट पर एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है।

## सबके प्रति समानता एवं विकास का भावाचा प्रसारणार्थद उम्मीदवार मिले पटना साहिब की जनता को संत डा. (प्रो.) धर्मवीर कुमार भास्कर

नई सोच एक्सप्रेस

**• परिवर्तन ही विकास की जननी है। बहुदलीय पर भारी पड़ेगें निर्दलीय**

**पटना साहिब**। मजनीति में आयी विकृति दोष का परिणाम संसदीय चुनाव के प्रथम द्वितीय चरण में सामने आया न्यूनतम की आन के रूप में। यह प्रमाण है इसका संसदीय चुनाव के प्रधान व जनता के दुःख-दर्द और जनता मेरी आवस्यक जरूरतों के प्रति जनप्रतिनित का कि नेता से सारा तरी पटना नाहिब संसदीय क्षेत्र के अबतक चुने गये जनप्रतिनिधि सांसद का हाल मी पाधि लापरवाह की जनता का नेतृत्व किया ने उनकी अपेक्षा की चिन्ता की। मैं एक कबीरपंथी संत और री है जो न तो शिक्षक भी है। मेरे द्वारा लाखों मरीजों को स्वास्थ्य लाम मिल चुका मिल रहा ही अंत और एक चिकित्सक शिक्षा विद्यार्थियों को डाक्टर इंजिनियर एवं सामान्य कोर्स से तैयारी करवाकर सरकारी नौकरी में पदस्थापित करवाया हूँ। मेरे सहयोगी सभी धर्म के हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई तथा हर जाति वर्ण के कबीरपंथी भाई-बहन साहिबों ने मुझे पटना साहिब से संसदीय चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारी के रूप में चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया है। चुनाव में काफी पैसा खर्च होता है। पर मैं कोशिश करूँगा कि कम से कम खर्च हो और आपका सहयोग एवं आर्शिवाद मिले ताकि मैं जीत हासिल करके आपकी सेवा कर सकें। कबीरपंथी होने के नाते मैं सात्विक विचार व्यवहार में जीता हूँ। सद्गुरु कबीर साहेब ने हमें कथनी और करनी एक जैसा रहने की सीख दी है। उसी को जीवन का आदर्श मानकर मैं पटना साहिब से चुनाव मैदान में निर्दलिय उम्मीदवार के रूप में उतरना चाहता हूँ। मैं पेशे से एक चिकित्सक हूँ और रहूँगा। राजनीति में मैं आज के राजनीतिक नेताओं को एक नई दिशा देना चाहता है। आप अपने कथनी और करनी एक रखें। जनप्रतिनीधि होने के बाद सेवा की भाव रखें ना कि व्यवसाय बना के रखें। व्यवसाय किसी दूसरे क्षेत्र में करें। यहाँ सिर्फ सेवा ही आपका धर्म और कर्म है। मेरी भावना है कि पटना साहिब संसदीय क्षेत्र की जनता के हीत में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की गांरटी हर व्यक्ति एवं घर-घर में हो। पटना क्षेत्र के नागरिकों के लिए अपेक्षित सुविधाएँ विकसित हो। मय, भष्ट्राचार, चोरी, बलजोरी, अत्याचार, व्यविचार, बलात्कार, तथा भुख से मुक्त हो समाज। परस्पर मैत्री और सद्भाव का वातावरण बनें यहाँ के समाज में। स्वच्छ हो राजनीति और नेतृत्व कर्ता की छबी। स्वार्थ हीत की राजनीति में धोखा अब न मिले यहाँ की जनता को। कबीरपंथी विचारधारा में सबके प्रति समानता का भाव रखा जाता है। सबका मान, सबका ध्यान, सबका सम्मान, तब है आप नेक इंसान। मानवता मेरा धर्म, मानव की सेवा मेरा कर्म। इन्ही विचारधाराओं के साथ मैं सभी धर्म, हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई एवं सभी पार्टी और जाति के लोगों के वोट/आशिर्वाद चाहता है ताकि मैं जनप्रतिनीधि बनकर सच्चे धर्म-कर्म से आपकी सेवा कर सकूँ।

## अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस की पूर्व संध्या पर जश्न-ए- बिहार के तहत नृत्य संध्या का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**• प्रेमचंद होम्बल एवं दल ने भरतनाट्यम और विशाल कृष्णा ने कत्थक की दी प्रस्तुति**

आज राजधानी के भारतीय नृत्य कला मंदिर में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस की पूर्व संध्या पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा जश्न-ए-बिहार के तहत नृत्य संध्या का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कला संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोत कौर ने निदेशक, संस्कृति, श्रीमती रूबी , उप सचिव, अनिल कुमार सिन्हा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। श्रीमती हरजोत कौर ने विश्व नृत्य दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम लोग विश्व नृत्य दिवस की पूर्व संध्या पर नृत्य संध्या का आयोजन कर रहे हैं । विश्व नृत्य दिवस को विशेष रूप से नृत्य कला के महत्व को जागरूक करने और लोगों को नृत्य कला की महत्ता को समझाने के लिए मनाया जाता है । भारतीय नृत्य कला मंदिर की स्थापना ही इसीलिए की गई थी कि भारतीय नृत्य संस्कृति को बढ़ावा मिले और हम लोगों की जो आगे की पीढ़ियां है बिहार के बच्चे और बिहार के युवा वो इस संस्कृति को आगे बढ़ा सके । यहां पर नृत्य और संगीत की कक्षाएं होती हैं और बहुत से गुनी गुरुजन यहां पर बच्चों, युवाओं को संगीत की शिक्षा देते हैं । कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध कत्थक नृतक और बनारस घराने के 11 वीं पीढ़ी के कलाकार विशाल कृष्णा की कत्थक प्रस्तुति से हुई । शिव स्तुति से अपनी प्रस्तुति शुरू करने के बाद विशाल कृष्णा ने तीन ताल सोलह मात्रा की प्रस्तुति तबले के उठान से शुरू की । उसके बाद उन्होंने "तीन था थई", दादरा जिसके बोल थे "कन्हैया जी ये कैसा जादू डाला" की प्रस्तुति दी । उन्होंने अपने नृत्य प्रस्तुति की समाप्ति " थाली" नृत्य से की जिसने दर्शकों को सम्मोहित कर दिया । उनके साथ तबला पर आनंद मिश्रा, सितार पर नीरज मिश्रा एवं वोकल में संतोष मिश्रा ने संगत किया। कत्थक की प्रस्तुति के बाद प्रो प्रेमचंद होम्बल एवं दल की भरतनाट्यम की प्रस्तुति हुई । भारतीय नृत्य कला मंदिर से जुड़ीं अपने यादों को साझा करते हुए श्री होम्बल ने कहा कि मैंने पदमश्री हरी उप्पल जी की पुत्री स्टेला जी के साथ इसी मंच पर 1976 में "सीता स्वयंवर" की प्रस्तुति दी थी आज एक बार फिर मुझे यहाँ प्रस्तुति देने का मौका मिला है । कार्यक्रम का आरंभ पारम्परिक अंग "अलारिपु" से किया गया , जो नृत्त के अन्तर्गत आता है । यह ताल तिम्र एकम् में निबद्ध है । जिसकी प्रस्तुति श्रीमती ईशा नागर सेठ, सुश्री रूपम् रघुवंशी एवं श्रीमती माला होम्बल, सुश्री जागृति, सुश्री जाहनवी श्रीवास्तव, सुश्री युविका जौहरी,एवं सुश्री निवेदिता पाण्डेय ने दी । इस दौरान जतिस्वरम्" जो नृत्य प्रधान प्रस्तुति है एवं राग सरस्वती और ताल रूपकम् में निवद्ध है उसकी प्रस्तुति हुई । तृतीय प्रस्तुति संत कवि सूरदास का प्रसिद्ध पद - "जसोदा हरि पालने झुलावै" की प्रस्तुति श्रीमती माला होम्बल के द्वारा दी गईं । संत कवि तुलसीदास द्वारा रचित गणेश स्तुति - "गाइये गणपति जग बन्दन को, "श्री रामचन्द्र कृपालु भजुमन" की भावमय प्रस्तुति दी गई ।" अंत में संत कवि तुलसीदास द्वारा रचित कवितावली" से वन-गमन प्रसंग का प्रस्तुतिकरन हुआ ।

कार्यक्रम के अंत में कला संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोत कौर ने सभी कलाकरों को अंगवस्त्र एवं प्रतिकचिह्न देकर सम्मानित किया ।

## राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा - 2024 में शामिल हुए हजारों छात्र - छात्राएं

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इन्स्टीच्यूशन्स, पटना के द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा-2024 का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं इस प्रवेश परीक्षा-2024 में सम्मिलित हुए। सभी छात्र-छात्राओं में एक अलग उत्साह देखा गया। इस प्रवेश परीक्षा में प्रति कोर्स में जो छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान पर आएंगे उन्हे 100 प्रतिशत संस्थान की ट्यूशन फीस में छूट दिया जाएगा तथा द्वितीय स्थान पर जो छात्र-छात्राएँ आएंगे उन्हें 75 प्रतिशत और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 50 प्रतिशत तक की छूट संस्थान की ट्यूशन फीस में छूट दिया जाएगा। इसके उपरांत संस्थान में अनेको ऐसे कोर्स में प्रशिक्षण दिए जाते हैं, जिसमें राज्य सरकार के मेधावी योजना बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से शिक्षा लोन उपलब्ध कराये जाते हैं। इन संस्थानों में ए०एन०एम०, जी०एन००एम०, बी०एससी० नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग, बैचलर ऑफ हॉस्पिटल मैनेजमेंट, बैचलर ऑफ फिजियोथेरपी, वैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थैरेपी, बैचलर ऑफ फार्मेसी, बैचलर इन मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी, बैचलर इन योगा, डिप्लोमा इन इसीजी, बैचलर इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी, डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर अस्सिटेंट एवं सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाता है। संस्थान के निदेशक श्री सिंह ने कहा कि वैसे छात्र जो इस प्रवेश परीक्षा में पंजीयन कराया है उन छात्र-छात्राओं को संस्थान द्वारा वर्मा फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित संस्थानों में नामांकन लेने पर 5000 से 20000 रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। साथ ही यह भी कहा कि आज अगर बिहार की बात की जाए तो कई सारे कॉलेज आज बिहार में काम कर रही है, पर वर्मा फाउंडेशन अपने में अलग है। यहां पढ़ाई करने वाले बच्चों को हर तरह की सुविधा (लाइब्रेरी, लैब, हास्पीटल ड्यूटी) उपलब्ध कराई गई है। हमारे संस्थान की ओर से बच्चों के लिए उत्तम लाइब्रेरी के साथ साथ अत्याधुनिक प्रयोगशाला की व्यवस्था की गई है।

## याचिका रद्द से ईवीएम की विश्वसनीयता पर अधिक आशंकाएं बढ़ गई : भाकपा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि वीवीपैट की 100 प्रतिशत गिनती की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने से ईवीएम की विश्वसनीयता पर अधिक आशंकाएं बढ़ गई हैं। मैकेनिकल गिनती के लिए वीवीपैट पर्चियों पर एक बार कोड मुद्रित करने का सुझाव देकर, सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया है कि ईवीएम और पेपर पर्चियों में पंजीकृत वोटों के बीच विसंगतियां हो सकती हैं। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले आने के बाद भी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी वीवीपैट से निकली पर्ची की गिनती की मांग जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का चुनाव के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को कम से कम 45 दिनों तक स्टोर करने के निर्देश से यह भी पता चलता है कि इसमें छेड़छाड़ की संभावना है। ईवीएम निमार्ताओं द्वारा स्वयं ईवीएम का सत्यापन हितों के टकराव का सवाल उठाता है। मतदान प्रक्रिया में विश्वास बहाल करने और मतदान प्रक्रिया को फुलप्रूफ बनाने के लिए, हम अधिक पारदर्शिता और वीवीपीएटीएस के 100 प्रतिशत सत्यापन की मांग करना जारी रखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएनआई एस्ट्रल ऐस अवार्ड्स से सम्मानित हुए कई गणमान्य

**पटना।** बीएनआई दुनिया का सबसे बड़ा रेफरल नेटवर्किंग संगठन है जो आपको अपना नेटवर्क बनाने और अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद करता है। पटना में, बीएनआई के क्षेत्रीय निदेशक आयुष्मान अग्रवाल के नेतृत्व में विभिन्न व्यावसायिक श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 से अधिक सदस्य हैं। एस्ट्रल चैप्टर ने 28 अप्रैल 2024 को होटल मौर्या में विभिन्न व्यवसाय मालिकों, सदस्यों के परिवार और दोस्तों की उपस्थिति में साकेत सुरेका, अमित सिंह, मनीष जजोदिया और मोहित सागर की नेतृत्व टीम के मार्गदर्शन में बीएनआई एस्ट्रल ऐस अवार्ड्स का आयोजन किया। साकेत सुरेका ने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए एस्ट्रल ऐस पुरस्कार मनीष राय और रोहित मुनका को पूरे वर्ष एस्ट्रल के सदस्यों को अधिकतम व्यवसाय देने के लिए पुरस्कार दिया गया। बीएनआई एस्ट्रल के पूर्व नेता मनीष राय, पीयूष चौधरी, कुणाल अग्रवाल, डॉ. नील भरत केडिया, वैभव टिबरेवाल, अभिषेक बिदासरिया, रोहित मुनका और गोकुल कुमार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देवांशी सुरेका द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद नव्या द्वारा मनमोहक नृत्य के साथ-साथ अमित गर्ग और प्रवीण द्वारा विभिन्न व्यवसायिक और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। बिजनेस स्किट इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था क्योंकि इसमें बीएनआई एस्ट्रल के सदस्यों द्वारा बीएनआई की पूरी बिजनेस मीटिंग को दशार्या गया था। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन प्राची भारद्वाज, मनीष राय, मोहित सागर, राज शेखर, एन.एम. अग्रवाल, संदीप खेतान, कुणाल अग्रवाल, अक्षय आनंद और श्रेय कृष्णा द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयशर टीएमटीएल, दादीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड सप्लायर्स, मैक्रो कॉस्मिक इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, जीटी फर्नीचर, संयुक्त इंफ्रा और आइडियल इंन्श्योरेंस की ओर से प्रायोजित किया गया था।

### मिसेज इंडिया 2024 की विजेता राजश्री सिंह हुई सम्मानित

**पटना।** बिहार की बेटी और पटना निवासी वीजे मिसेज इंडिया 2024 की विजेता राजश्री सिंह का स्थानीय होटल में सम्मानित किया गया। दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में देशभर की श्रेष्ठ प्रतिभाओं के बीच हुए मुकाबले में विजेता होकर पटना वापस लौटी हैं। राजश्री सिंह के पटना लौटने के बाद रविवार को सामाजिक संगठन प्रेरणा के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में शहर के कई गणमान्य हस्तियां शामिल हुई। सम्मान समारोह में श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में मिसेज इंडिया राजश्री ने अपने हाथों से मलिन बस्तियों की महिला श्रमिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेरणा संस्था की सचिव नीता सिन्हा ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में मिसेज इंडिया 2024 राजश्री सिंह ने कहा कि बिहार विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं से भरा प्रदेश है। बिहार की महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। बाल विकास और महिला सशक्तिकरण को लेकर वे देश- विदेश में काम करेंगी। इस मौके पर प्रेरणा संस्था की सचिव नीता सिन्हा ने राजश्री सिंह को 'एक बिहारी सौ पर भारी' अवार्ड से सम्मानित किया। नीता सिन्हा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ, सौन्दर्य,कला- संस्कृति, खेल सभी क्षेत्रों में बिहार की बेटियां अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। राजश्री सिंह ने एक बार फिर साबित किया है कि बेटियों को मौका मिले तो वे हर क्षेत्र में सफल हो सकती है। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं ने भी अपने विचार रखे।श्रमिक दिवस के मौके पर कविता पाठ और संगीत की भी प्रस्तुति की गई।कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता सोनिया सिंह ने किया। इस मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सफल रही प्रीति प्रिया, रोमी सिंह राजपूत,दीपिका, गोला रोड की वार्ड पार्षद शशि शर्मा, गायक सत्येंद्र कुमार संगीत सहित कई गणमान्य गणमान्य अतिथि मौजूद थे।

### रोहतासः भारतीय जनता पार्टी प्रखंड की बैठकः संवेदनशीलता और नए नेतृत्व की अभिव्यक्ति

भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) की एक महत्वपूर्ण बैठक ने स्थानीय लाल मुनी वाटिका मैरिज हॉल में संपन्न। होकर राजनीतिक दायरे में महत्वपूर्ण घटनाओं की चर्चा की। बैठक की शुरुआत में, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्वर्गीय रमेश सिंह की अकस्मात मृत्यु के शोक में सभी ने 2 मिनट का मौन रखा। बैठक के प्रमुख विषयों में से एक है आने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों का चर्चा करना। प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार तिवारी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को यह समझाया कि प्रदेश के दिशा निर्देश के अनुसार, 21 सदस्य कमेटी के साथ-साथ प्रत्येक वुथ का प्रभारी नियुक्त किया जाना है। इसके लिए, उन्होंने आग्रह किया कि यह कार्य 2 दिनों में संपन्न किया जाए और सूची प्रदेश को जमा की जाए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री शशि भूषण प्रसाद, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला से संयोजक महेंद्र झा, प्रखंड महामंत्री रितुराज अभय कुशवाहा, उपाध्यक्ष सुनील गोसाई, अभय प्रजापति, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हीरालाल कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता शंभू लाल, अति पिछड़ा के अध्यक्ष संजय ठाकुर, मंत्री विश्वजीत कुमार, अरुण वर्मा, अभिनंदन पासवान, पंचायत अध्यक्ष अभय भगत, राजू चंद्रवंशी, रमाकांत तिवारी, धीरज गुप्ता, अभय भगत, सतीश शर्मा, जनार्दन सिंह, पवन पंडित, अभिषेक तिवारी, रंजीत दुबे, मंटू दुबे, कमलेश कुशवाहा आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस बैठक ने पार्टी के नेतृत्व में संवेदनशीलता और नए नेतृत्व की महत्ता को प्रकट किया और आगे की रणनीतियों को सामने लाने का मार्ग प्रशस्त किया।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन में सशक्त हुईं महिलाएं : मनोरंजन

**पटना।** जदयू प्रदेश महासचिव एवं मीडिया पैनलिस्ट मनोरंजन गिरी ने आरजेडी के 15 सालों के कुशासन पर जमकर निशाना साधा। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव रात में नहीं दिन में ही सपना देख रहे हैं और द्वितीय चरण के चुनाव के बाद वे काफी डिप्रेशन में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी और संविधान की बात करने वाले तेजस्वी यादव को तनिक अपने माता और पिता के 15 सालों के कुशासन को भी याद कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में राज्य की महिलाएं सशक्त हुई हैं और आज आत्मनिर्भर और सम्मान की जिंदगी जी रही हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार की महिला हितैषी नीतियों के चलते सिपाही भर्ती में 35ः महिलाओं की भर्ती हुई, आज प्रत्येक वर्ष बीपीएससी0की परीक्षा ली जा रही है और लाखों शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की विकासोनुमखी नीतियों का ही परिणाम है कि आज बिहार के प्रत्येक जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज खोलने का काम चल रहा है। आरजेडी पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वहीं राजद के 15 साल के विनाशकारी शासन के दौरान राज्य को विकास के नाम पर हाशिए पर धकेलने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी के माता और पिता के 15 सालों के कुशासन को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही खत्म किया और बिहार में विकास एवं अमन चैन की नींव रखी। मनोरंजन गिरि ने कहा कि अब बिहार की जनता इनके झांसे में नहीं आनेवाली है और इस लोकसभा चुनाव में आरजेडी को माकूल जवाब देने का काम करेगी।

# अनुमंडलाधिकारी व बीडीओ ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया





नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर।** प्रखंड कार्यालय राजापाकर के सभागार में अनुमंडलाधिकारी महुआ की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पदाधिकारियों,प्रखंडकर्मियों की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया गया।मुख्य रूप से बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारी,सभी बीएलओ, सेविका सहायिका, जीविका दीदी आदि उपस्थित हुईं ।कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए महुआ की अनुमंडलाधिकारी चंन्द्रिमा अत्री एवं बीडीओ आनंद प्रकाश ने सभी लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। जिसमें सभी बीएलओ, सेविका सहायिका, विकास मित्र, जीविका दीदी सभी से घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे जो परिवार के लोग बाहर रहकर सरकारी गैर सरकारी कार्य करते हैं उन्हें भी एक दिन की छुट्टी लेकर घर आने के लिए प्रेरित किया करें। वहीं सभी प्रखंड कर्मी आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले घर घर जाकर मतदान के लिए पर्ची लोगों को उपलब्ध कराएंगे। विदित हो कि जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा के द्वारा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वे काफी प्रयत्नशील है। जिनके सहयोग के लिए जिले के सभी प्रखंडों में अधिकारी पदाधिकारी प्रखंड कर्मी भी प्रचार जोर शोर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने में लगे हैंऔर व्यापक स्तर पर रैली प्रभात फेरी घर-घर जाकर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है।

## रालोजपा के प्रदेश संगठन सचिव अजय मालाकार अपने सैंकड़ो समर्थकों के साथ लोजपा रामविलास में हुए शामिल



नई सोच एक्सप्रेस

**राजापाकर।** लोजपा रामविलास के राज्य कार्यालय मे रालोजपा के प्रदेश संगठन सचिव अजय मालाकार ने आज अपने सैंकड़ों समर्थको सहित रालोजपा कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में अति पिछड़ा समाज के लोगों के साथ लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के उपस्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास में शामिल हुए। इनके अलावा डॉ इंद्रभूषण ठाकुर,नीरज कुमार,इंद्रजीत पासवान,डॉ शत्रुघन भगत,विमल ठाकुर,रमेश पासवान,रितिक राज,लक्ष्मण शर्मा, संजय पासवान,डॉ शैलेंद्र गुप्ता,बिंदेश्वर पासवान,भूषण ठाकुर,अमन कुमार प्रभाकर,राजबब्बर कुमार,सुनील कुमार सिंह,चंदन कुमार कुशवाहा सहित अनेको रालोजपा नेता शामिल हुए। इस अवसर पर लोजपा



रामविलास के वरिष्ठ नेता अशरफ अंसारी,अरविंद कुमार सिंह,संजय सिंह,दरोगा पासवान,कमलेश कुमार सहित अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित थे। बिहार फर्स्ट और बिहारी फर्स्ट के विजन से प्रभावित होकर लोजपा रामविलास को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## मेगा हेल्थ कैम्प में 470 से अधिक ने जांच कराई

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के द्वारा एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। गुप्ता ने बताया कि यह जांच शिविर शिवहरि अग्रवाल, सागरमल ज्वेलर्स के सौजन्य से किया गया। गुप्ता ने कहा कि इतनी प्रचंड गर्मी में भी जांच हेतु मरीजों की भारी भीड़ जांच हेतु आ गई थी। मौके पर कैम्प के संयोजक हरि कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराने हेतु सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रातः आठ बजे से अपना नम्बर लगाने के लिए लाइन में लग गए थे। प्रातः दस बजे से डॉक्टरों ने मरीजो की जांच करना प्रारम्भ किया। इस जांच शिविर में 21 विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमे प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शिल्पी अग्रवाल, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ अमिताभ बंका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण कुमार,जनरल फिजिशियन डॉ पूनम नंदन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता बंका एवं डॉ कोमल कुमारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव सहित कुल इक्कीस विशेषज्ञ चिकित्सको ने मरीजों को देखा। चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी तरह के खून जाँच इत्यादि निःशुल्क सोसाइटी अस्पताल में किया गया तथा चिकित्सकों द्वारा लिखी गई सभी उपलब्ध दवाएँ भी मरीजों को निःशुल्क दिए गए। साथ हीं चिकित्सकों द्वारा लिखे गए मरीजों के एक्स रे भी निःशुल्क किये गए। शिविर में सबसे ज्यादा मरीज ने अपनी आंखों की जाँच कराई। इनमे 25 मरीजों में मोतियाबिंद काफी अधिक बढ़ा हुआ मिला। 30 मरीजों को पढ़ने का चश्मा दिया गया। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका ने करीब 75 से अधिक मरीजों की जांच की। डॉ कोमल ने 55 से अधिक के दांतों की जांच की। इसके साथ हीं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी को दिखाने के लिए मरीजों की कतार लगी थी। एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी से अपनी जांच हेतु काफी मरीज लाईन में थे। शिविर में बच्चों की जांच डॉ श्रवण कुमार, मधुमेह की जाँच डॉ अंगद, सामान्य बीमारी की जांच डॉ मुकेश कुमार, आज के इस कैम्प में सब मिलाकर करीब 470 से अधिक मरीजों की जांच की गई। सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की होती है गुणवत्तापूर्ण जांच।

## इंटर की कंपार्टमेंटल परीक्षा आज से प्रदेश में बनाए गए 97 परीक्षा केंद्र

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से आयोजित इंटरमीडिएट विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा सोमवार से शुरू हो रही है। इसके लिए पूरे राज्य में 97 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 11 मई तक चलेगी। इस परीक्षा में राज्यभर से कुल 48,386 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें से 22,200 छात्राएं और 26,186 छात्र हैं। विशेष परीक्षा में 11,068 और कंपार्टमेंटल की परीक्षा में 37,318 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पटना जिले में 2900 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। बिहार बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि देर से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के परीक्षार्थी को दोपहर 1:30 बजे तक हर हाल में परीक्षा भवन में प्रवेश कर जाना होगा। परीक्षा केंद्र में जूता-मोजा पहनकर आना वर्जित है। केंद्र के अंदर मोबाइल, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक गैजेटस, स्मार्ट वाच, व्हाइटनर एवं इरेजर आदि लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी और मैगनेटिक घड़ी भी नहीं ले जा सकते। परीक्षार्थी सिर्फ सूई वाली घड़ी पहनकर परीक्षा भवन में प्रवेश कर सकते हैं। बोर्ड ने नकल रोकने की पुख्ता व्यवस्था करने को लेकर यह पहल की है। परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी के साथ साथ वीक्षक भी मोबाइल नहीं ने जा सकेंगे। परीक्षा समिति ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष 28 अप्रैल से 11 मई तक सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कार्यरत रहेगा। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय गेट पर तलाशी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएगी और इसके लिए केंद्र पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल का उपयोग किया जाएगा।

## घर घर जाकर मतदाता को जागरूक कर रही जीविका दीदी



नई सोच एक्सप्रेस

**आसन्न** लोकसभा चुनाव को महापर्व के रूप में मानने के लिए चोरसुआ पंचायत की सभी जीविका समूहों द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान चला रही है। मतदाता जागरूकता अभियान का नेतृत्व जीविका सामुदायिक समन्वयक अणु कुमारी व बुक कीपर चन्दन कुमार कर रहे हैं। चोरसुआ ग्राम संगठन में शामिल जल, तारा, विकास, प्रकाश, रौशनी जीविका समूह से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए सीसी अणु कुमारी ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन हरेक परिवार से कोई न कोई महिला सदस्य जीविका से जुड़ी हुई हैं, जिससे अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने में हमारे संगठन की भूमिका भी सबसे ज्यादा बढ़ जाती है। बुक कीपर चन्दन कुमार ने कहा की जीविका दीदी के द्वारा आने वाले समय में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें स्कूली बच्चे अपने माता–पिता से अपने भविष्य के लिए अवश्य मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। जीविका दीदी द्वारा वनों देश के भाग्य विधाता! अब जागो प्यारे मतदाता!! नारा लगाते हुए चोरसुआ, बकरा, लक्ष्मीपुर मोहल्ले में रैली निकाली गई।

## पटना में भी मिल रहा है गिर गाय का दूध, दही और घी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना जिला के गौरीचक थाना अंतर्गत फतेहपुर पियरिया गाँव के पास ब्रहमस्थानी में गिर गाय का पालन पोशन किया जा रहा। गिर गाय के यह खटाल अगस्त 2023 से शुरू हुआ है। इसकी जानकारी खटाल मालिक अमित सिंह ने दिया है। उनसे हुए बातचीत में उन्होंने बताया कि गिर गाय को गुजरात से पटना लाया गया है। अभी तक पशुपालन में 2.50 करोड़ रुपये खर्च हुए है और 43 गाय सुलभ हो चुके है। उन्होंने बताया कि गिर गाय के दूध को गाय से दूध निकालने के बाद यथा स्थिति में बेचा जाता है। दूध से दही और घी भी तैयार किया जाता है जिसे भी डेयरी तथा ग्राहक को बेचा जाता है। गिर गाय का दूध 149 रुपये प्रति किलो और घी 3500 रुपये प्रति किलो बेची जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑर्गेनिक रूप से काम करने का उद्देश्य रखा गया है, गाय के गोबर, गौ मूत्र आदि का उपयोग किया जा रहा है। गिर गाय प्रसिद्ध दुध पशु नस्ल है। यह गुजरात राज्य के गिर वन क्षेत्र, महाराष्ट्र और राजस्थान के आसपास के जिलों में पायी जाती है। यह गाय अच्छी दुध उत्पादताकता के लिए जानी जाती है। गिर गाय सफेद, गहरे लाल या चॉकलेट भूरे रंग के धब्बे और चमकदार लाल रंग के होते है। इनके कान लम्बे, लटकते और पत्तिनुमा आकार के होते है। इनकी ऊंचाई 135 सेंटीमीटर, शरीर की त्वचा बहुत ही ढीली और लचीली तथा सींग पीछे की ओर मुड़े रहते हैं। यह गाय अपनी अच्छी रोग प्रतिरोध क्षमता के लिए जानी जाती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता सही होने के कारण यह गाय कम बीमार पड़ती हैं। अमित सिंह ने बताया कि गिर गाय एक दिन में 12 लीटर से अधिक दूध देती है। इसकी नस्लों में स्वर्ण कपिला और देवमणी प्रजाति सबसे बेहतर मानी जाती है। इनके खटाल में दोनों प्रजाति की गाय है। उन्होंने कहा कि गाय की नस्लों का चुनाव करना एक बड़ी चुनौती है। पशुपालक ये नहीं समझ पाते हैं कि किन नस्लों को घर लाकर वह दूध उत्पादन बढ़ा सकते हैं। ऐसे में गौपालन करने के लिए किसान गिर गाय की प्रजाति का चयन कर सकते हैं। सरकार भी दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों को गाय पालन करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। कई सरकारी योजनाएं भी चल रही हैं। डेयरी उद्योग के लिए नाबार्ड की तरफ से भी किसानों को सहायता दी जाती है। इसके अलावा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भी डेयरी खोलने के लिए किसानों को लोन देती है। एक गिर गाय की कीमत 35000 से लेकर 65 हजार तक होती है। गिर गाय घी का विजनेश यू-ट्यूब फेम गौरव तनेजा ने भी शुरू किया है। यह ऑनलाईन भी बुकिंग लेकर डोर टू डोर डिलेभरी करा रहे हैं। इन्होंने घी का रेट 2400 रुपये प्रति किलो रखा है।

## गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जाँच की सुविधा उपलब्ध

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक महीने दो बार राज्य के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क उच्च रक्तचाप, वजन, शारीरिक जाँच, मधुमेह, एचआईवी एवं यूरिन के साथ जटिलता के आधार पर अन्य जाँच की जाती है। साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं को भी चिन्हित किया जाता है एवं बेहतर प्रबंधन के लिए दवा के साथ जरुरी परामर्श दिया गया। जाँच में एनीमिक महिला को आयरन फोलिक एसिड की दवा देकर इसका नियमित सेवन करने की सलाह दी जाती है। साथ ही उन्हें गर्भावस्था के आखिरी दिनों में कम से कम चार बार खाना खाने की भी सलाह दी गयी। चिकित्सकों के अनुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जाँच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। बेहतर पोषण गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को होने से बचाता है। इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं को जाँच के बाद पोषण के बारे में भी जानकारी दी जाती है। इस अभियान की सहायता से प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल जाता है जिससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता में काफी कमी भी आती है और इससे होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी आती है। गर्भावस्था के दौरान 4 प्रसव पूर्व जाँच प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं में कमी लाता है। सम्पूर्ण प्रसव पूर्व जाँच के आभाव में उच्च जोखिम गर्भधारण की पहचान नहीं हो पाती. इससे प्रसव के दौरान जटिलता की संभावना बढ़ जाती है।

## 2023 में ही आरोपी की हुई थी शादी, छुट्टी लेकर हुआ फरार, पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना** में कार्यरत महिला पुलिसकर्मी ने पुरुष सिपाही पर यौन शौषण का आरोप लगाया था। अब इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। आरोपी पहले से ही शादीशुदा है। उसकी शादी 2023 में ही हुई थी। आरोपी सुजीत कुमार बाढ़ अनुमंडल में कार्यरत है। छानबीन में पता चला है कि वो अभी छुट्टी पर है। पुलिस जब उसके कमरे पर पहुंची तो वहां भी नहीं मिला। वहां से भी फरार है।

**घर में शादी जैसा कोई माहौल भी नहीं दिखाः** इस संबंध में बुद्धा कॉलोनी थानाध्यक्ष सदानंद साह ने बताया कि महिला सिपाही के आवेदन पर केस दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया था कि 26 अप्रैल को सुजीत की शादी होने वाली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उसके घर पर पहुंची थी, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। घर में शादी जैसा कोई माहौल भी नहीं दिखा

**2023 में ही सुजीत की हो चुकी है शादीः** आसपास के लोगों ने बताया कि सुजीत की शादी 2023 में ही हो चुकी है। उसकी पत्नी भी अपने सास ससुर के साथ यहीं रहती है। 23 अप्रैल को छुट्टी लेकर सुजीत घर आया था। दूसरे दिन परिवार के साथ घूमने निकल गया। उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ पुलिस की सुजीत से बात हुई है। उसने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि अभी छुट्टी पर बाहर है। वापस आकर अपनी बात रखेगा।

**क्या है पूरा मामलाः** बता दें, 24 अप्रैल को महिला सिपाही ने बुद्धा कॉलोनी थाने में शादी का झांसा देकर यौन शौषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। पीड़िता सुपौल की रहने वाली है, जबकि सुजीत मूल रूप से गया जिले के कोंच थाने के डबूर गांव का रहने वाला है। लिखित आवेदन के आधार पर आईपीसी की धारा 376 के तहत केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि सुजीत के साथ वो दो साल से रिलेशन में थी। शादी की बात करने पर वो टाल देता था। इस बीच पता चला कि वो कहीं और शादी कर रहा है। बात करने पर उसने मेरे से शादी करने से इंकार कर दिया। मेरे परिवार के सदस्य उसके घर भी गए थे, लेकिन वो नहीं मिला।

# मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के वृहद मेगा हेल्थ कैम्प में 470 से अधिक ने जांच कराई

नई सोच एक्सप्रेस

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी राजेंद्र नगर रोड नंबर 7 के द्वारा एक निशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन सोसाइटी के अस्पताल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की निःशुल्क जांच कराना तथा दवा उपलब्ध कराना था। गुप्ता ने बताया कि यह जांच शिविर शिवहरि अग्रवाल, सागरमल ज्वेलर्स के सौजन्य से किया गया। गुप्ता ने कहा कि इतनी प्रचंड गर्मी में भी जांच हेतु मरीजों की भारी भीड़ जांच हेतु आ गई थी। मौके पर कैम्प के संयोजक हरि कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि



इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराने हेतु सैकड़ों की संख्या में मरीज प्रातः आठ बजे से अपना नम्बर लगाने के लिए लाइन में लग गए थे। प्रातः दस बजे से डॉक्टरों ने मरीजो की जांच करना प्रारम्भ किया। इस जांच शिविर में 21 विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा मरीजों की जांच की गई। इनमे प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक कुमार, डॉ शिल्पी अग्रवाल, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका, श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ अमिताभ बंका, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रवण कुमार, जनरल फिजिशियन डॉक्टर पूनम नंदन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हर्षिता बंका एवं डॉ कोमल कुमारी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव सहित कुल इक्कीस विशेषज्ञ चिकित्सको ने मरीजों को देखा। चिकित्सकों द्वारा लिखे गए सभी तरह के खून जाँच इत्यादि निःशुल्क सोसाइटी अस्पताल में किया गया तथा चिकित्सकों द्वारा लिखी गई सभी उपलब्ध दवाएँ भी मरीजों को निःशुल्क दिए गए। साथ हीं चिकित्सकों द्वारा लिखे गए मरीजों के एक्स रे भी निःशुल्क किये गए। शिविर में सबसे ज्यादा मरीज ने अपनी आंखों की जाँच कराई। इनमे 25 मरीजों में मोतियाबिंद काफी अधिक बढ़ा हुआ मिला। 30 मरीजों को पढ़ने का चश्मा दिया गया। पेट रोग विशेषज्ञ डॉ अमित बंका ने करीब 75 से अधिक मरीजों की जांच की। डॉ कोमल ने 55 से अधिक के दांतों की जांच की। इसके साथ हीं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चारु मोदी को दिखाने के लिए मरीजों की कतार लगी थी। एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम मोदी से अपनी जांच हेतु काफी मरीज लाईन में थे। शिविर में बच्चों की जांच डॉ श्रवण कुमार, मधुमेह की जाँच डॉ अंगद, सामान्य बीमारी की जांच डॉ मुकेश कुमार, आज के इस कैम्प में सब मिलाकर करीब 470 से अधिक मरीजों की जांच की गई। करीब सौ से अधिक मरीजो के खून एवं अन्य जांच समिति के लैब में डॉ सलोनी एवं उनके सहयोगियों द्वारा की गई। सोसाइटी अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया कि सभी मरीजों को खाने का पैकेट भी दिया गया। एम पी जैन ने बताया कि शिविर को सफल बनाने में सोसायटी के सचिव पुषोत्तम अग्रवाल, संस्थापक कार्यकारी अध्यक्ष विजय किशोरपुरिया, उपाध्यक्ष राधेश्याम बंसल, गणेश खेतड़ीवाल, अरुण रुंगटा, सुबोध गोयल, प्रशांत बंका, सह सचिव दिनेश अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, गोपाल मोदी, अनिल गुप्ता, गोपाल झुनझुनवाला, शंकर अग्रवाल, गोपाल मित्तल, प्रकाश अग्रवाल, सहित दर्जनों सदस्य लगे हुए थे।

# सेंसर हुई फिल्म हेलो हसबैंड,बहुत जल्द होगी रिलीज

नई सोच एक्सप्रेस

**मुंबई**। एस राज खोरठा वीडियो के बैनर तले निर्मित भोजपुरी फिल्म हेलो हसबैंड केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा सेंसर की जा चुकी हैं।जिसके बाद अब बहुत जल्द सिनेमाघरों में रिलीज की तैयारी हैं।निर्माता सुरेंद्र कुमार महतो ने बताया कि हेलो हसबैंड पूर्ण रूप से मनोरंजक और पारिवारिक फिल्म हैं।जिसमें फैमिली ड्रामा भरपूर दर्शकों को देखने को मिलेगा।कहानी दहेज प्रथा पर आधारित हैं।जो कॉमेडी से भरपूर हैं।सुरेंद्र इससे पहले भी कई फिल्में बना चुके हैं।जो यूट्यूब पर उपलब्ध हैं।वहीं अब तक काफी संख्या में गाने बना चुके हैं।प्रमुख रूप से इस फिल्म




में सुरेंद्र कुमार ,उमी ,हर्षिता अग्रवाल,काजल ,जुली प्रिया ,मनीष सिंह राजपूत ,अमर मिश्रा, मुकेश पांडेय,सूरज सिंह ,नीलिमा ,बबिता श्रीवास्तव सहित अन्य ने अभिनय किया हैं।निर्माता सुरेंद्र कुमार महतो,सह निर्माता मनीष सिंह राजपूत,अनिल महतो,लेखक व निर्देशक हेमंत कुमार,लाइन प्रोड्यूसर प्रमिला कुमारी,संगीत माही राज,गीतकार हेमंत कुमार व सोनू सुधाकर,छायांकन राज,संकलन जितेंद्र कुमार व प्रभात ओझा,सह निर्देशक अविनाश गुप्ता गोलू,नृत्य निर्देशक छोटू हिटलर,प्रोडक्शन अभिषेक बेंजामिन,प्रचारक युधिष्ठिर महतो व कुलदीप कुमार चौरसिया,पोस्ट प्रोडक्शन रिया स्टूडियो,प्रोमो एडिटर शैलेंद्र कुमार,डीआई सोनू सिंह,विशेष आभार देव सिंह,डिजाइनर प्रशांत,गायक रवि राज,पुनीता प्रिया,खुशी कक्कर, प्रियंका देहाती हैं।

# जहानाबाद सीट पर एक स्वाभिमान पार्टी ने दावेदारी पेश की

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सबसे अंतिम चरण में है। 07 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जैसे जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है कई दावेदार जहानाबाद लोकसभा सीट पर अपना दावा ठोक रहे हैं। स्वाभिमान पार्टी ने भी लोकसभा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन बुलाया । जिसकी अध्यक्षता स्वाभिमान पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष कौशलेंद्र नारायण ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं की सहमति से स्वाभिमान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने लोकसभा के उम्मीदवार के रूप में पंकज कुमार अधिवक्ता का नाम की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्वाभिमान पार्टी प्रकृति केंद्रित विकास को अपना मॉडल मानती है। जिसमें



जल जंगल जमीन जानवरों व जन सबों का परस्पर विकास और संपोषण शामिल है। स्वाभिमान पार्टी वैकल्पिक राजनीति करती है। वह जहानाबाद की जनता के स्वाभिमान को बचाने हेतु वैकल्पिक रूप में स्वाभिमान पार्टी के प्रत्याशी पंकज कुमार अधिवक्ता को आम जन के सामने ला रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र लूटतंत्र में बदल गया है। राजनीतिक दल गिरोह के रूप में काम कर रहे हैं। दलों में कार्यकर्ताओं का स्थान चमचों ने ले लिया है। जिससे आम कार्यकर्ता व जनता उनके कूकृत्यों से निराश व हताश

- पार्टी ने अधिवक्ता पंकज को बनाया प्रत्याशी

है। ऐसे में स्वाभिमान पार्टी एक नई विचारधारा लेकर आम लोगों के सामने आई है। वहीं स्वाभिमान पार्टी के प्रत्याशी पंकज कुमार अधिवक्ता ने कहा कि जहानाबाद का दुर्भाग्य है कि एक ऐसा व्यक्ति यहां का सांसद है जो सांसद निधि के साढ़े 15 करोड़ रुपए की जगह 5.5करोड़ ही खर्च कर पाया। जबकि जहानाबाद के हाल को देखकर ऐसा लगता है कि यहां यदि 100 करोड़ रुपए भी मिले तो वह कम पड़ेंगे श्री पंकज कुमार अधिवक्ता ने कहा कि जनता के मान सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने के लिए मै जहानाबाद में आया हूं। कार्यकर्ता सम्मेलन का मंच संचालन राजेश कुमार गुप्ता रवि प्रकाश गुप्ता ने किया।

# कार्यकर्ता पिछड़ी बार से भी बड़े अंतर से जीत के लिए करें काम :-मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ प्रखंड के दीपनगर के प्रेम पैलेस में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक आयोजित की गई। बैठक के अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष इन ई रविशंकर प्रसाद ने की जबकि संचालन लोजपा (रा) अध्यक्ष सत्येंद्र मुकुट जदयू अध्यक्ष मो अरशद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष सोनू कुशवाहा लोजपा अध्यक्ष राजकुमार पासवान हम जिलाध्यक्ष विश्वजीत पासवान ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एनडीए उम्मीदवार सांसद कौशलेंद्र कुमार विधायक हरि नारायण सिंह जितेंद्र कुमार कौशल किशोर विधान परिषद रीना यादव पूर्व विधायक ई सुनील कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर



पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि सरकार की 18 साल की उपलब्धियां को घर तक पहुंचाएं। नीतीश सरकार ने समाज के सभी तत्वों के लिए काम किया है 2005 के बाद हमारी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। पूरे बिहार में नीतीश सरकार ने लोगों की खिदमत परिवार की तरह की है।हमारी सरकार ने ईमानदारी से दायित्व का निर्माण किया है।महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बिहार में हुआ कार्य वो देश में अद्वितीय है महिलाओं को पंचायती राज एवं नगर निकाय में 50% का आरक्षण दिया है साथ ही नौकरियों में 37 % का आरक्षण देकर समाज में पहचान दी सबसे ज्यादा पुलिस बलों में 30 हजार बेटीयों को नौकरी देने वाला देश का पहला राज्य बिहार है। सात निश्चय योजना के माध्यम से हर घर बिजली हर घर पानी हर घर पक्की नाली गली हर घर शौचालय बनाकर को गांव को स्मार्ट बनकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयप्रकाश नारायण डॉ लोहिया जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों को मूर्त रूप देने का काम किया है। प्रदेश के हर क्षेत्र हर वर्ग तक सरकार का न्याय के साथ विकास और सुशासन का मांडल। बिहार में डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्र हर वर्ग के समुचित विकास के लिए कृत संकल्पित है।हमारी सरकार ने समाज में शोषित वंचितों पीड़ितों का समुचित विकास किया है। हमारी सरकार बोलने में काम और काम करने में ज्यादा विश्वास करती है। चुनाव कोई उम्मीदवार नहीं लडता है पार्टी का कार्यकर्ता लड़ता है और हमारे कार्यकर्ता मजबूती के साथ चुनाव लड़ते और जीते आए हैं। पार्टी के आंख कान और जुबान हमारे कार्यकर्ता हैं पार्टी की रीढ़ होते है जिला एवं प्रखंड स्तर पर चुनाव अभियान समिति बनाकर प्रखंड स्तर से पंचायत स्तर तक समन्वय स्थापित कर बैठक हो ये ध्यान देना है। विपक्ष में बैठे लोग लगातार मुख्यमंत्री जी पर टिकट टिप्पणी करते हैं विकास देखना है तो नालंदा जाकर देखिए नालंदा की जनता इन सभी बातों को ध्यान में रखकर विपक्ष के प्रत्याशी से सवाल करने को उत्सुक है।सांसद कौशलेंद्र कुमार जी को रिकार्ड मतों से विजय बनाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाने का काम करें सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि जिलेवासियों के लिए मैं 15 वर्षों तक काम किया हूं और नेता नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाऊंगा मैं हर समय कार्यकर्ताओं के लिए एक कार्यकर्ता की तरह काम करता हूं और आगे भी करता रहूंगा।इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्रसेन प्रसाद पूर्व विधान परिषद हीरा प्रसाद बिंद राजू यादव लोकसभा जदयू प्रभारी डॉ संतोष दास पान असगर शमीम भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी संतोष पाठक जितेंद्र नीरज लोकसभा प्रभारी कु राघवेंद्र लोजपा(रा) नेता श्रवण मिस्त्री रामकेश्वर प्रसाद नरेश प्रसाद प्रो रणविजय जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय देव जीवनलाल चंद्रवंशी राहुल खंडेलवाल डॉ अर्जुन प्रसाद अवधेश कुशवाहा अफरोजा खातून अंजनि पटेल संजयकान्त सिन्हा प्रो रामसागर सिंह वरिष्ठ जदयू नेता राजेंद्र प्रसाद राजीव रंजन पटेल रामचंद्र चौहान गुलरेज अंसारी महमूद बख्खों प्रो जनार्दन प्रसाद वीरेंद्र गोप महेंद्र यादव अंचल सिन्हा अजय चंद्रवंशी इमरान रिजवी मीरा कुमारी चंचला वर्मा रंजीत कुमार डा आशुतोष रविकांत कुमार तेजस्वी राधा अविनाश मुखिया राजेश्वर सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाटक "रक्तदान है जीवनदान" का हुआ मंचन

नई सोच एक्सप्रेस

**फुलवारी शरीफ**। सर्वमंगला सास्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला में नाटक "रक्तदान है जीवनदान" का मंचन किया गया। नाटक को महेश चौधरी ने लिखा और निर्देशित मिथिलेश कुमार पांडे ने किया। नाटक की शुरुआत सौरभ राज के स्वरबद्ध गीत- मानवता का करें कल्याण, आए मिलके करें रक्तदान, है मानवता का धर्म यही, यह संदेश घर-घर पहुंचाएं... से हुई। मंचित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को समझाया गया कि कैसे रक्तदान कर किसी की जान बचाई जा सकती है। देश में आज भी हजारों जिंदगियां समय पर रक्त ना मिलने के कारण खत्म हो जाती है। खून की एक बोतल से एक से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सकती है। युवाओं को रक्तदान के लिए बढ़ चढ़कर




आगे आना चाहिए। रक्तदान को लेकर जो भ्रम है उसे भी दूर करने का प्रयास किया गया। एक स्वस्थ व्यक्ति वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है।रक्तदान से शरीर में कोई नुकसान नहीं होता है। नाटक के कलाकारों में महेश चौधरी,सौरभ राज,अमन, करण,डॉ कंचन कुमारी, रंजन,शशांक,आयुष,श्रीकांत कुमार शामिल थे।

# सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ वातानुकूलित मां डेंटल केयर क्लीनिक का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस

**खगौल**। मोती चौक मुख्य बाजार स्थित एक्सिस बैंक के ऊपर रविवार को वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुशील कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर पूर्ण रूप से वातानुकूलित मां डेंटल केयर का उद्घाटन किया गया। डेंटल क्लीनिक के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ शंभू शरण सिंह, खगौल नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, खगौल व्यवसायी संघ के अध्यक्ष उमा गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मधुकर रहे। क्लीनिक के संचालक डेंटल सर्जन डॉ संजेश कुमार गुंजन ने बताया कि अत्याधुनिक डेंटल क्लिनिक में नवीनतम मशीन की मदद से दांतों में होने वाले हरेक प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां सिंगल सिटिंग आरसीटी,



डेंटल इम्प्लांट,ब्रिज टीथ (फिक्स टूथ),ओरल सर्जरी, डेंटल एक्स-रे फैसिलिटी उपलब्ध है। मौके पर श्री गुंजन की मां शीला देवी,पिता सिद्धनाथ यादव, मामा मुकेश, राजू , कल्पना कुमारी,गुड़िया,डॉ पिंकी,डॉ अदीना सलीम, चीकू यादव,रंजन यादव उर्फ बेंगा गोप,पिंटू यादव,कृष्णा जी,पिंकी यादव,शानु कुमार,पूर्व पार्षद लक्ष्मी यादव,भरत पोद्दार,रीतेश कुमार बिट्टू,अजय कुमार यादव,अर्चना सिंह,दीपक कुमार,अनीश कुमार,चंदू प्रिंस सहित अन्य उपस्थित थे।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

**राहुल कुमार सिंह**

मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# पूर्वजों की भांति स्वस्थ मानसिकता अपनाकर गौरवशाली होगा अपना बिहार



**[ विकास वैभव निरंतर लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार के पूर्वजों की शक्तिशाली विचार और स्वस्थ मानसिकता की गाथा को सुना कर युवाओं को प्रेरित करते है। यह भी तय है कि पूर्ण सहयोग की दिशा में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान आईपीएस विकास वैभव के मार्गदर्शन में अच्छी भूमिका निभा सकता है। क्योंकि विकास वैभव जानते है कि स्वस्थ मानसिकता से ही स्वस्थ वातावरण और एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। तभी, अपना बिहार भी भारत के श्रेष्ठ राज्यों में अपनी पैठ जमा पाएगा। इसलिए आइए मिलकर, आईपीएस विकास वैभव के दूरदर्शी विचारों का पुरजोर समर्थन करते हैं। मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं। ]**

भारत में युवा बेरोज़गारी के उच्च स्तर का युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है। बेरोज़गारी से जुड़ा कलंक युवाओं में अयोग्यता, दुश्चिंता और अवसाद की भावना पैदा कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य दशाओं का सामना कर रहे लोग सेहत, ख़ुशी और संतुष्टि के निम्न स्तर का अनुभव कर सकते हैं। उन्हें तनाव से निपटने, अपनी क्षमता को साकार करने और अपने संबंधों का आनंद लेने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। एक ओर अनुकूल कार्य दशाएँ मानसिक स्वास्थ्य को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं तो दूसरी ओर बेरोज़गारी, अस्थिर या अनिश्चित रोज़गार, कार्यस्थल भेदभाव और खराब एवं विशेष रूप से असुरक्षित कामकाजी माहौल जैसे कारक किसी कामगार के मानसिक स्वास्थ्य के लिये खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। निम्न वेतन, प्रोत्साहन के अभाव या असुरक्षित नौकरियों से संलग्न कामगार अथवा वे कामगार जो अलग-थलग रूप से कार्यरत होते हैं, मनोसामाजिक जोखिमों के संपर्क में आने की अधिक संभावना रखते हैं। इस प्रकार उनके मानसिक स्वास्थ्य से समझौता होता है। डब्लूएचओ के अनुसार, मानसिक स्वास्थ्य मानसिक सेहत की वह स्थिति है जो लोगों को जीवन के तनावों से निपटने, अपनी क्षमताओं को साकार करने, अच्छी तरह से सीखने एवं अच्छी तरह से काम करने और अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम बनाती है। यह स्वास्थ्य और सेहत का एक अभिन्न अंग है जो निर्णय लेने, संबंध बनाने और जिस दुनिया में हम रहते हैं उसे आकार देने की हमारी व्यक्तिगत एवं सामूहिक क्षमताओं को रेखांकित करता है। भारत के अनौपचारिक कामगार, जो कुल कार्यबल में 90% से अधिक की हिस्सेदारी रखते हैं, प्रायः नियामक सुरक्षा के बिना कार्यरत होते हैं। इसका अर्थ यह है कि उनके पास नौकरी की सुरक्षा, कानूनी अधिकार और लाभों तक पहुँच का अभाव होता है, जिससे उनके अंदर लगातार भेद्यता/असुरक्षा की एक भावना बनी रहती है, जो मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। लैंगिक असमानता की स्थिति भी गंभीर हैं, जहाँ भारत की 95% से अधिक कार्यशील महिलाएँ प्रायः बिना किसी सामाजिक सुरक्षा के अनौपचारिक, निम्न वेतन प्राप्त और अनिश्चित रोज़गार में संलग्न हैं। इसके साथ ही, उन्हें अपने सामाजिक एवं पारिवारिक व्यवस्था में पितृसत्तात्मक संरचनाओं एवं अभ्यासों का सामना करना पड़ता है। मानसिक स्वास्थ्य दशाओं से पीड़ित लोगों को अन्य लोगों की ओर से नकारात्मक दृष्टिकोण, रूढ़िवादिता और पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ सकता है। उन्हें शिक्षा, रोज़गार, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सेवाओं तक पहुँच में बाधाओं एवं असमानताओं का भी सामना करना पड़ सकता है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच एक मज़बूत संबंध पाया जाता है। खराब मानसिक स्वास्थ्य से गंभीर तनाव, नींद में खलल और बीमारी के प्रति संवेदनशीलता जैसी शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं। मानसिक स्वास्थ्य एक बुनियादी मानव अधिकार है और व्यक्तिगत एवं सामुदायिक विकास का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। यह एक वैश्विक मुद्दा भी है जिसके लिये सामूहिक कार्रवाई और जागरूकता की आवश्यकता है। इसके महत्त्व को देखते हुए ही वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ हर वर्ष 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा, पक्षसमर्थन और सहयोग को बढ़ावा देने के लिये विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन करता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या से मरने वाले लोगों में 26% दैनिक वेतन भोगी थे। आईपीएस विकास वैभव का मानना है कि अनौपचारिक कामगारों को प्रायः लंबे समय तक काम करना पड़ता है और उनकी आय भी अनिश्चित होती है। यह अस्थिरता और अनिश्चितता दीर्घकालिक तनाव, दुश्चिंता और अवसाद का कारण बन सकती है, क्योंकि वे अपने भरण-पोषण की पूर्ति के लिये संघर्षरत होते हैं। साथ ही, अनौपचारिक कामगारों के पास स्वास्थ्य बीमा या पेंशन योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा जाल तक सीमित पहुँच होती है या इसका अभाव होता है। वित्तीय सुरक्षा की यह कमी असुरक्षा की भावना को बढ़ा सकती है और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में योगदान कर सकती है। इसलिए निरंतर लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार के पूर्वजों की शक्तिशाली विचार और स्वस्थ मानसिकता की गाथा को सुना कर युवाओं को प्रेरित करते है। लोगों में, विशेष रूप से अनौपचारिक कामगारों के बीच मानसिक स्वास्थ्य पहचान और जागरूकता में सुधार के लिये सक्रिय नीतियों को लागू किया जाना चाहिये। इसमें कलंक को कम करने और शीघ्र हस्तक्षेप को प्रोत्साहित करने के लिये मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना शामिल हो सकता है। यह भी तय है कि पूर्ण सहयोग की दिशा में लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान आईपीएस विकास वैभव के मार्गदर्शन में अच्छी भूमिका निभा सकता है। क्योंकि विकास वैभव जानते है कि स्वस्थ मानसिकता से ही स्वस्थ वातावरण और एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सकता है। तभी अपना बिहार भी भारत के श्रेष्ठ राज्यों में अपनी पैठ जमा पाएगा। इसलिए मिलकर, आईपीएस विकास वैभव के दूरदर्शी विचारों का पुरजोर समर्थन करते हैं। मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

# मनेर के वार्ड पार्षदों ने ली भाजपा की सदस्यता


नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भाजपा के पटना स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मनेर नगर परिषद के वार्ड सदस्य रंजीत कुमार, अजीत कुमार सिंह और सुनील कुमार उर्फ भूपेंद्र कुमार गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ निखिल आनंद, पटना ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और जिला महामंत्री रवि कुमार ने संयुक्त तौर पर तीनों वार्ड पार्षदों को भाजपा की सदस्यता दिलाई और अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सभी का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर बिहार भाजपा के कार्यालय मंत्री डॉ प्रवीण चंद्र पटेल, सह मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, कार्यालय मंत्री श्रसुग्रीव रविदास एवं मीडिया पैनलिस्ट सुमित शशांक सहित सैकड़ो की संख्या में समर्थन मौजूद रहे। भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया इन वार्ड पार्षदों में रंजीत कुमार तीसरी बार वार्ड पार्षद चुने गए हैं जबकि अजीत कुमार दूसरी बार और सुनील कुमार उर्फ भूपेंद्र कुमार गुप्ता पहली बार वार्ड पार्षद चयनित हुए। इन सभी वार्ड पार्षदों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामकाज से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। वार्ड पार्षदों ने कहा कि भाजपा संगठन और विचारधारा की पार्टी होने के साथ-साथ राष्ट्रवाद और सामाजिक समरसता की बात करती है जबकि राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस जैसी पार्टियां परिवारवाद और व्यक्तिगत हित साधने में लगी रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में ट्रक चालक और खलासी से लूट

♦ हाफ पैंट में आए बदमाशों 26 हजार ट्रांसफर करवाया, मोबाइल भी ले गए



**पटना**। पटना के धनरूआ थाना इलाके के चारपोखरा के नजदीक बीती रात अपराधियों के एक गिरोह ने ट्रक का टायर पंचर कर ड्राइवर, खलासी से जमकर लूटपाट की। बदमाशों ने ट्रक के चालक को डरा धमका कर घर वालों से ऑनलाइन पैसे मंगवाए और फिर खुद के खाते में ट्रांसफर करवा कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित चालक ने धनरूआ थाने में इस घटना की लिखित शिकायत की है। ऑनलाइन लिए पैसेः ट्रक चालक राकेश कुमार अपनी गाड़ी से गाड़ी में दाना लोड करके मुजफ्फरपुर से धनरूआ के रास्ते गया जा रहे थे। धनरूआ थाना के देवकली चारपोखरा गांव के नजदीक अचानक आधी रात को उनके ट्रक का टायर पंचर हो गया। टायर पंचर होने के बाद चालक राकेश कुमार गाड़ी से उतर कर टायर बनाने में जुट गए। इस बीच लगभग आधा दर्जन अपराधी उनके पास पहुंचे। अपराधियों ने राकेश कुमार को फोन करके ऑनलाइन पैसा मांगने का निर्देश दिया। जब राकेश ने ऑनलाइन पैसा मांगने से आनाकानी करना शुरू कर दिया। इस बीच अपराधियों के द्वारा राकेश कुमार की जमकर पिटाई कर दी गई। तब राकेश कुमार ने अपने परिजनों से गाड़ी बनवाने के लिए ऑनलाइन 30,000 मांग कर अपराधियों को दी। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना की पुष्टि करते हुए मसौढ़ी अनुमंडल के एसडीपीओ कन्हैया सिंह ने बताया कि लगभग आधा दर्जन अपराधियों ने आधी रात के वक्त गाड़ी का टायर पंचर करके जमकर लूटपाट की।


### हत्या,डकैती सहित कई मामले में फरार 40 अभियुक्त गिरफ्तार

♦ वैशाली में यातायात नियम उलंघन मामले में 99500 हजार की वसूली



**हाजीपुर**। वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय के निर्देश पर चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस ने हत्या,डकैती,अपहरण, हत्या के प्रयास, चोरी के मामले सहित कई कांड में फरार चल रहे 40 अभियुक्त को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। जिसे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने शराबबंदी को लेकर चलाया गया विशेष छापेमारी अभियान के दौरान 73 लीटर देसी और विदेशी शराब बरामद की है। जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने मामले में पुलिस के द्वारा वाहन चालकों से 99500 हजार जुर्माना वसूला गया। जबकि 7 मामले में फरार चल रहे वारंटी के घर कुर्की की कार्रवाई की गई है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हरकिशोर राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से 40 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। सभी को आवश्यक कार्रवाई करने के बाद जेल भेज दी गई है।

### पटना में 24 घंटे के अंदर 55 अपराधी गिरफ्तार, अलग-अलग मामलों में थी तलाश




**पटना**। पटना पुलिस लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न थानों क्षेत्रों में विशेष अभियान चला रही है। इसकी कड़ी में पिछले 24 घंटे के अंदर अलग-अलग मामलों में 55 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना पर 4.23 लाख का चालान काटा है। पुलिस मुख्यालय के आदेश पर ये कार्रवाई की गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ 7 बाइक, 492 ग्राम ब्राउन शुगर, 180 लीटर विदेशी शराब, 7 मोबाइल और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। वहीं, पटना के अलग-अलग चेक पोस्टों पर ट्रैफिक पुलिस ने भी विशेष अभियान चलाया। नियमों की अवहेलना पर 170 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। कुल 4.23 लाख का चालान काटा गया है। 35 गाड़ियों को जब्त किया गया है। क्षमता से अधिक यात्रि बैठाने पर 89 ऑटो चालकों से 89 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

### दानापुर पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार, मोबाइल चोरी और खरीदने-बेचने का आरोप



**पटना**। दानापुर पुलिस ने मोबाइल चोरी करने और खरीदने-बेचने के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। चोरी का मोबाइल भी बरामद हुआ है। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज गिया है। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल, गांधीनगर गाभतल निवासी नित्यानंद सिंह ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि 23 अप्रैल को देर रात 1 बजे के आसपास घर से मोबाइल चोरी हो गई। छानबीन में पता चला कि गांव के ही भोला कुमार नामक युवक ने इस घटना को अंजाम दिया है। लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी भोला को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर अखाड़ा रोड निवासी आकाश कुमार और दलदली रोड निवासी सौरभ कुमार की गिरफ्तारी हुई। दोनों चोरी का मोबाइल खरीदने और बेचने का काम करता था।

### बिहार बोर्ड कंपार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू, प्रदेश में बनाए गए 97 परीक्षा केंद्र, 48,386 परीक्षार्थी एग्जाम में होंगे शामिल

**पटना**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट विशेष व कंपार्टमेंटल परीक्षा कल से शुरू हो रही है। इसके लिए पूरे राज्य में 97 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा 11 मई तक चलेगी। इस परीक्षा में राज्यभर से कुल 48,386 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें से 22,200 छात्राएं और 26,186 छात्र हैं। विशेष परीक्षा में 11,068 और कंपार्टमेंटल की परीक्षा में 37,318 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पटना जिले में 2900 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके लिए जिले में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थी को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में प्रवेश कर लेना अनिवार्य है। बिहार बोर्ड ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि देर से आने वाले परीक्षार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। प्रथम पाली के परीक्षार्थी को सुबह 9 बजे और दूसरी पाली के परीक्षार्थी को दोपहर 1:30 बजे तक हर हाल में परीक्षा भवन में प्रवेश कर जाना होगा। परीक्षा केंद्र में जूता-मोजा पहनकर आना वर्जित है। केंद्र के अंदर मोबाइल, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक गैजेटस, स्मार्ट वाच, ह्वाइटनर एवं इरेजर आदि लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, स्मार्ट घड़ी और मैगनेटिक घड़ी भी नहीं ले जा सकते। परीक्षार्थी सिर्फ सूई वाली घड़ी पहनकर परीक्षा भवन में प्रवेश कर सकते हैं। बोर्ड ने नकल रोकने की पुख्ता व्यवस्था करने को लेकर यह पहल की है। परीक्षा कक्ष में कोई भी परीक्षार्थी के साथ साथ वीक्षक भी मोबाइल नहीं ने जा सकेंगे। परीक्षा समिति ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष 28 अप्रैल से 11 मई तक सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कार्यरत रहेगा।

# कलर्स प्रस्तुत करता है अपने नए पारिवारिक ड्रामा कृष्णा मोहिनी में कृष्णा का सफर

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। जीवन के उथलपुथल भरे हालातों से निकलना दूभर लग सकता है। जिसमें बाधाएं और अनिश्चितताएं हर उस कदम पर चुनौती देती हैं। जो कोई व्यक्ति चुने हुए रास्ते पर उठाना चाहता है। ऐसे समय में जीवन में किसी सारथी का होने से समंदर के घोर अंधियारे में जहाजों को मार्गदर्शन देने वाले प्रकाशस्तंभ के समान बल मिलता है। कृष्णा मोहिनी कृष्णा के जीवनयात्रा को प्रदर्शित करता है जो सिस्टरहुड के भाव को दर्शाते हुए अपने भाई मोहन की सारथी के रूप में हर तूफान का सामना करके उसे बचाती है रूढ़ियों को तोड़ते हुए उनका रिश्ता पारंपरिक भूमिकाओं से परे है। क्योंकि यह शो कृष्णा बहन का फर्ज़ ऐसे निभाएगी...कि दुनिया में राखी की परिभाषा बदल जाएगी के अपने विश्वास के साथ भाई-बहन के रिश्ते के मूल को पुनः परिभाषित करने का वादा करता है। भाई और बहन के बीच इस प्यारे रिश्ते को प्रदर्शित करते हुए कलर्स द्वारका की खूबसूरत भूमि और तटीय आकर्षण में सेट किए गए कृष्णा मोहिनी को पेश करने के लिए तैयार है कृष्णा के रूप में देबत्तमा साहा, मोहन के रूप में केतकी कुलकर्णी, और आर्यमन के रूप में फहमान खान अभिनीत, और सुशांत दास व निसपाल सिंह के बॉयहुड प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, कृष्णा मोहिनी का प्रीमियर 29 अप्रैल को होगा और यह हर शाम 7:00 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा। वायकॉम18 के जनरल एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष आलोक जैन कहते हैं कलर्स में, हम उन महत्वपूर्ण कहानियों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे दर्शकों की भावनाओं से गहराई से जुड़ती हैं। हमारी नई पेशकश कृष्णा मोहिनी ऐसी ही एक कहानी है जो रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए और संबंधों को पारंपरिक भूमिकाओं से आगे बढ़कर पेश करते हुए भाई-बहन के अटूट बंधन को सेलिब्रेट करती है। यह शो एक बड़ी बहन के सफर को दर्शाता है जो अपने भाई की मार्गदर्शक है और साथ में व्यक्ति के जीवन में एक सारथी होने के महत्व को भी पेश करता है। इस दिल छूने वाली कहानी के साथ हमारा लक्ष्य मनोरंजन की सीमाओं को पार करते हुए एक गहरे भावनात्मक संबंध को बढ़ावा देना है।" अर्जुन के लिए सारथी और मार्गदर्शक के रूप में भगवान कृष्ण के शाश्वत गुणों को दर्शाते हुए 21 वर्षीया कृष्णा अपने भाई मोहन के लिए सारथी की भूमिका निभाती है उसका सफर पारिवारिक बंधनों की स्थायी शक्ति को प्रदर्शित करते हुए दृढ़ता और समर्थन का प्रतीक है यह सफर केवल एक बहन की कहानी नहीं है जो अपने भाई के जीवन में एक दृढ़ मार्गदर्शक की भूमिका निभा रही है बल्कि यह कृष्णा का सफर भी है जिसकी तकदीर में आर्यमन से मिलना लिखा है वह कम बोलने वाला एक व्यवसायी हैं जिसने अपने उद्यमिता के सपने को आगे बढ़ाने के लिए अपनी संगीत संबंधी आकांक्षाओं को त्याग दिया है लेकिन उसे अपने संगीतमय दिनों की बहुत याद आती है, और वह कृष्णा की गायन प्रतिभा से अभिभूत है। जीवन के प्रति आर्यमन के उत्साह को वापस लाने के साथ, भाग्य उसे कृष्णा और मोहन की जीवनयात्रा से कैसे जोड़ेगा? कृष्णा का किरदार निभाने के बारे में बात करते हुए, देबत्तमा साहा कहती हैं इस शो कृष्ण मोहिनी में कृष्णा की भूमिका को जीवंत करना बहुत ही खुशनसीबी की बात रहा है। जैसे कि कोई सारथी सबसे अंधेरी रातों में प्रकाशपुंज बनकर मार्ग दिखाता है कृष्णा का किरदार अपने भाई के जीवन को रोशन करता है और जीवन के उतार-चढ़ाव भरे सफर में उसकी रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। बिना शर्त और असीम प्रेम का सार्वभौमिक विषय कृष्णा मोहिनी को भाइयों और बहनों के अटूट रिश्ते का प्रतीक बनाता है।" आर्यमन की भूमिका निभा रहे फहमान खान कहते हैं जीवन में किसी सारथी एक सच्चे साथी का होना रात के आकाश में फैले व्यापक अंधियारे में मार्गदर्शक सितारे को हासिल करने जैसा है। मैं कृष्णा मोहिनी का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं जो इन सारथियों को नमन करता है इस शो में मैं एक सफल व्यवसायी कड़ी मेहनत करने वाले और दृढ़निश्चयी आर्यमन की भूमिका निभाते हुए नज़र आऊंगा, हालांकि, उसकी सफलता की आड़ में उसके अतीत की कहानी छिपी है जो उसकी यात्रा को आकार देती है।

## बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने प्रिवे लॉन्च किया - एक अनूठा प्रोग्राम जो बेमिसाल कवरेज और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करता है

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। भारत की अग्रणी निजी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज प्रिवे को लॉन्च करदिया। यह एक एक्सक्लूसिव कस्टमर इक्स्पीरीयंस प्रोग्राम है जो बेजोड़ क्वालिटी के साथ साथ ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। परंपरागत रूप से, भारत में पिछले कुछ सालों में बीमा का विस्तार करने का प्रयास ज्यादातर टियर 2/ टियर 3 स्थानों और ग्रामीण बाजारो में केंद्रित रहा है, जिसमें मुख्य रूप से मध्यम, उच्च मध्यम वर्ग और ग्रामीण ग्राहक शामिल हैं। उपरोक्त सभी ग्राहक खंडों में बीमा पैठ बढ़ाने पर अपने मजबूत फोकस के अलावा, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस अब ग्राहकों के एक विशेष क्लास को अपनी सेवाएं देगा, जिन्हें आमतौर पर बढ़ी हुई कवरेज सीमा के साथ बीमा सोल्युशंस की आवश्यकता होती है। ऐसे समझदार ग्राहकों की वित्तीय और लाइफस्टाइल से जुड़ी प्राथमिकताओं के अनुरूप उनकी जरूरतों औरसुरक्षा को पहचानते हुए, प्रिवे ट्रडिशनल बीमा प्रोडक्टस से कहीं आगे निकल जाता है। प्रिवे का हिस्सा बनकर, ग्राहकों को उनकी विशिष्ट और प्राथमिकता वाली बीमा सेवाओं की एक रेंज मिल जाती है, जिससे उनकी आवश्यकताओं को आसानी से पूरा किया जाता है। प्रिवे का हिस्सा बनने के लिए, ग्राहकों के पास उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार स्वास्थ्य, घर, मोटर, व्यक्तिगत दुर्घटना और साइबर, बीमा जैसे उत्पादों की एक श्रृंखला से चयन करने की सुविधा है। इसके बीमा उत्पादों में वर्तमान में माई हेल्थ केयर प्लान शामिल है, जो एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के रूप में न्यूनतम 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि के साथ अनुकूलन स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करता है। ग्लोबल हेल्थ केयर विदेशी चिकित्सा उपचार के साथ साथ अंतरराष्ट्रीय और घरेलू दोनों तरह के नियोजित और आपात कालीन उपचार जैसे कवरेज प्रदान करता है। साथ ही इसके ग्राहक पात्रता केलिए बीमा राशि के किसी भी विकल्प को चुन सकते हैं। इसके अलावा, वी-पे ऐड-ऑन कवर के साथ एक मोटर प्रोडक्ट भी ऑफर किया जाएगा।इस ऐड-ऑन कवर ऑफर के तहत खंडित (तिंहउमदजमक) मोटर बीमाऐड-ऑन की एक रेंज के फ़ायदों का भी समावेश है, जिसके लिए मोटरवहीकल के लिए न्यूनतम बीमाकृत घोषित मूल्य (आईडीवी) 25 लाख रुपये या उससे अधिक की आवश्यकता होती है। माई होम इंश्योरेंस ऑलरिस्क पॉलिसी घर की संरचना और घर में मूल्यवान सामग्री दोनों के लिए व्यापक बीमा कवरेज सुनिश्चित करती है। यहां पात्रता क्राईटेरिया केलिए न्यूनतम बीमा राशि 3 करोड़ रुपये, गैर-पोर्टेबल सामग्री के लिए 30 लाख रुपये और पोर्टेबल वस्तुओं के लिए 6 लाख रुपये होगी। इसके अलावा, उपरोक्त प्रोडक्टस में ग्राहक ग्लोबल पर्सनल गार्ड पॉलिसी जैसे हाई क्लास प्रोडक्टस के लिए बीमा राशि की उच्च श्रेणी का विकल्प भी चुन सकते हैं। लगातार विकसित हो रहे डिजिटल स्पेस के कारण साइबर हमलों से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए अतिरिक्त ऐड-ऑन और साइबर केयर प्लान की एक रेंज के साथ दुनिया भर में व्यक्तिगत दुर्घटना कवरेज का विस्तार करता है । प्रिवे क्लेम प्रोसेसिंग और असिस्टन्स में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित करनेवाले एक्स्पर्ट्स के माध्यम से सर्विस एक्सपिरिअन्स को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे ग्राहकों के पास प्रिवे कनेक्ट तक भी पहुंच होगी, जो किसी भी सर्विस रिक्वेस्ट या क्लेम को पूरा करने के लिए सभी बीमा संबंधित प्रश्नों और आवश्यकताओं का तुरंत हल प्रदान करने के लिए एक समर्पित टीम उपलब्ध है। हेल्थ क्लेम के मामले में, पेशेवरों द्वारा घर पर हैसल फ्री डिस्चार्ज और प्री-पॉलिसी चेक अप जैसी अतिरिक्त सेवाएं भी प्रदान की जाती हैं। इसके अलावा, यह सर्विस केयर एंजल्स से भी।

## बीएनआई एस्ट्रल ऐस अवाड्र्स से सम्मानित हुए कई गणमान्य

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। बीएनआई दुनिया का सबसे बड़ा रेफरल नेटवर्किंग संगठन है जो आपको अपना नेटवर्क बनाने और अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद करता है। पटना में, बीएनआई के क्षेत्रीय निदेशक आयुष्मान अग्रवाल के नेतृत्व में विभिन्न व्यावसायिक श्रेणियों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 से अधिक सदस्य हैं। एस्ट्रल चैप्टर ने 28 अप्रैल 2024 को होटल मौर्या में विभिन्न व्यवसाय मालिकों, सदस्यों के परिवार और दोस्तों की उपस्थिति में साकेत सुरेका, अमित सिंह, मनीष जजोदिया और मोहित सागर की नेतृत्व टीम के मार्गदर्शन में बीएनआई एस्ट्रल ऐस अवाड्र्स का आयोजन किया। साकेत सुरेका ने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए एस्ट्रल ऐस पुरस्कार मनीष राय और रोहित मुनका को पूरे वर्ष एस्ट्रल के सदस्यों को अधिकतम व्यवसाय देने के लिए पुरस्कार दिया गया। बीएनआई एस्ट्रल के पूर्व नेता मनीष राय, पीयूष चौधरी, कुणाल अग्रवाल, डॉ. नील भरत केडिया, वैभव टिबरेवाल, अभिषेक बिदासरिया, रोहित मुनका और गोकुल कुमार को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत देवांशी सुरेका द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद नव्या द्वारा मनमोहक नृत्य के साथ-साथ अमित गर्ग और प्रवीण द्वारा विभिन्न व्यवसायिक और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। बिजनेस स्किट इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था क्योंकि इसमें बीएनआई एस्ट्रल के सदस्यों द्वारा बीएनआई की पूरी बिजनेस मीटिंग को दशार्या गया था। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन प्राची भारद्वाज, मनीष राय, मोहित सागर, राज शेखर, एन.एम. अग्रवाल, संदीप खेतान, कुणाल अग्रवाल, अक्षय आनंद और श्रेय कृष्णा द्वारा किया गया। कार्यक्रम आयशर टीएमटीएल, दादीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड सप्लायर्स, मैक्रो कॉस्मिक इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड, जीटी फर्नीचर, संयुक्त इंफ्रा और आइडियल इन्श्योरेंस की ओर से प्रायोजित किया गया था।

## मगध फुटबॉल एकेडमी के खिलाड़ियों ने घर घर जाकर मतदाताओं को किया जागरूक

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। जिला मुख्यालय के गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय जहानाबाद भी.टी. स्कूल खेल मैदान पर मतदाता जागरूकता के लिए मगध फुटबॉल एकेडमी के बॉयज एवं गर्ल्स प्रशिक्षु ने मानव श्रृंखला बनाई । इसके साथ ही नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 में घर-घर जाकर महिला सहित आम मतदाताओं को आगामी 1जून को अपना मत देने के लिए जागरूक किया । इसका उद्देश्य जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करना और मतदान की महत्वपूर्णता को समझाना है। इस मानव श्रृंखला में एकेडमी के चेयरपर्सन राजीव कुमार रंजन , प्रशिक्षक राजेश कुमार , क्रिकेटर संतोष कुमार शामिल हुए । साथ ही चेयरपर्सन ने कहा कि लोकतंत्र की पवित्रता मतदान में निहित है । हम सभी को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए और अन्य मतदाताओं को भी मतदान के महत्व की जानकारी देकर प्रोत्साहित करना चाहिए । भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र की पवित्रता नागरिकों के मतदान करने में है । जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के आम मतदाताओं से अपना मत देने के लिए अपील करते हुए अपेक्षा की है कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी 1 जून मतदान दिवस को 80% से ऊपर मतदान होगी । इस मौके पर अंकित कुमार , सोनका , गोल्डेन , गोलू , मुकेश , प्रिंस , अंजलि , पूनम , वैष्णवी , इंदु , शिवानी तथा अन्य कई फुटबॉलर शामिल थे ।

# अबु सेफी मुर्तजा ने बताया की अपने बच्चों को साइबर अपराध से बचाना चाहते है तो माता-पिता कैसे मदद कर सकते हैं

नई सोच एक्सप्रेस



डिजिटल युग में, बच्चे बड़ी मात्रा में प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के संपर्क में हैं, जिससे वे साइबर अपराध के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। साइबर अपराध में बदमाशी, उत्पीड़न, पहचान की चोरी, धोखाधड़ी और अन्य ऑनलाइन खतरे शामिल हैं जो बच्चों के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। माता-पिता के रूप में, अपने बच्चे को साइबर अपराध से बचाने के लिए कदम उठाना आवश्यक है। यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे माता-पिता उन बच्चों से निपट सकते हैं जो आसानी से साइबर अपराध की चपेट में आ जाते हैं।

**अपने बच्चे को इंटरनेट के खतरों के बारे में शिक्षित करें**ःअपने बच्चे को साइबर अपराध से बचाने के लिए पहला कदम उन्हें संभावित खतरों के बारे में शिक्षित करना है। उनसे व्यक्तिगत जानकारी साझा करने, अजनबियों से ऑनलाइन जुड़ने और अज्ञात स्रोतों से फ़ाइलें या ऐप्स डाउनलोड करने के जोखिमों के बारे में बात करें। अपने बच्चे को दूसरों के साथ ऑनलाइन बातचीत करते समय सतर्क रहना और आलोचनात्मक सोच कौशल का उपयोग करना सिखाएं।

**इंटरनेट उपयोग के लिए नियम निर्धारित करें**ःअपने घर में इंटरनेट उपयोग के लिए नियम स्थापित करें, जैसे कि आपका बच्चा कब और कहाँ इंटरनेट का उपयोग कर सकता है और वे किन वेबसाइटों या ऐप्स तक पहुंच सकते हैं। नियमों को तोड़ने के परिणामों के बारे में स्पष्ट रहें और यह सुनिश्चित करने के लिए अपने बच्चे के इंटरनेट उपयोग की निगरानी करें कि वे उनका पालन कर रहे हैं।

**माता-पिता के नियंत्रण का उपयोग करें**ःअधिकांश उपकरणों और ऐप्स में माता-पिता के नियंत्रण होते हैं जो आपके बच्चे के इंटरनेट उपयोग की निगरानी और उसे प्रतिबंधित करने में आपकी सहायता कर सकते हैं। अनुचित सामग्री को ब्लॉक करने, समय सीमा निर्धारित करने और अपने बच्चे की ऑनलाइन गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए इन उपकरणों का उपयोग करें।

**खुले संचार को प्रोत्साहित करें**ःअपने बच्चे को अपने ऑनलाइन अनुभवों, चाहे अच्छे हों या बुरे, के बारे में आपसे बात करने के लिए प्रोत्साहित करें। अपने बच्चे के लिए अपनी चिंताओं को साझा करने और बिना आलोचना किए सुनने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाएं। सहायक बनें और उन्हें ऑनलाइन होने वाले किसी भी नकारात्मक अनुभव से निपटने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करें।

**अपने बच्चे के सोशल मीडिया पर नज़र रखें**ःसोशल मीडिया साइबरबुलिंग और अन्य ऑनलाइन खतरों के लिए एक आम मंच है। अपने बच्चे के सोशल मीडिया खातों की निगरानी करें, और उनके पासवर्ड तक पहुंच रखें। अपने बच्चे को केवल उन्हीं लोगों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करें जिन्हें वे वास्तविक जीवन में जानते हैं और व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा करने से बचें।

**अपने बच्चे को सिखाएं कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखा जाए**ःअपने बच्चे को सिखाएं कि ऑनलाइन अपनी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखा जाए, जैसे कि अपना पूरा नाम, पता, फ़ोन नंबर या अन्य संवेदनशील जानकारी साझा न करना। उन्हें मजबूत पासवर्ड बनाने में मदद करें और कई खातों के लिए एक ही पासवर्ड का उपयोग करने से बचें।

**यदि आपका बच्चा साइबर अपराध का शिकार है तो कार्रवाई करें**ःयदि आपका बच्चा साइबर अपराध का शिकार है, तो तुरंत कार्रवाई करें। घटना का दस्तावेजीकरण करें और उचित अधिकारियों, जैसे पुलिस या सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, जहां घटना हुई, को रिपोर्ट करें। अपने बच्चे को भावनात्मक समर्थन प्रदान करें और यदि आवश्यक हो तो पेशेवर मदद लें।

**निष्कर्षतः**डिजिटल युग में बच्चे साइबर अपराध के प्रति संवेदनशील हैं और माता-पिता को उनकी सुरक्षा के लिए कदम उठाने की जरूरत है। अपने बच्चे को इंटरनेट के खतरों के बारे में शिक्षित करें, इंटरनेट के उपयोग के लिए नियम निर्धारित करें, माता-पिता के नियंत्रण का उपयोग करें, खुले संचार को प्रोत्साहित करें, अपने बच्चे के सोशल मीडिया की निगरानी करें, अपने बच्चे को अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करना सिखाएं, और यदि आपका बच्चा इसका शिकार है तो कार्रवाई करें साइबर अपराध. ये कदम उठाकर आप अपने बच्चे को ऑनलाइन सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

## मत का प्रयोग सोच समझ कर करें

अभी आम चुनाव का प्रथम चरण ही पूरा हुआ है पर ऐसा नहीं लगता कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव जैसी कोई महत्त्वपूर्ण घटना घट रही है। चारों ओर एक अजीब-सा सन्नाटा पसरा हुआ है। न तो गांव, और न ही कस्बों और शहरों में राजनैतिक दलों के होर्डिंग्स और पोस्टर दिखाई दे रहे हैं, और न ही लाऊडस्पीकर पर वोट मांगने वालों का शोर सुनाई दे रहा है, चाय के ढाबों और पान की दुकानों पर अक्सर जमा होने वाली भीड़ भी खामोश है। जबकि पहले चुनावों में ये शहर के वो स्थान होते थे जहां से मतदाताओं की नब्ज पकडऩा आसान होता था। आज मतदाता खामोश है। इसका क्या कारण हो सकता है। संभव है कि मतदाता तय कर चुके हैं कि उन्हें किसे वोट देना है पर अपने मन की बात को जुबान पर नहीं लाना चाहते। क्योंकि उन्हें इसके संभावित दुष्परिणामों का खतरा नजर आता है। यह हमारे लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए अच्छा लक्षण नहीं है। जनसंवाद के कई लाभ होते हैं। एक तो जनता की बात नेता तक पहुंचती है और दूसरा ऐसे संवादों से जनता जागरूक भी होती है। अलबत्ता, शासन में जो दल बैठा होता है, वो कभी नहीं चाहता कि उसकी नीतियों पर खुली चर्चा हो। दरअसल, उसे इससे माहौल बिगडऩे का खतरा रहता है। हर शासक यही चाहता है कि उसकी उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ाकर मतदाता के सामने पेश किया जाए। इंदिरा गांधी से नरेन्द्र मोदी तक कोई भी इस मानसिकता का अपवाद नहीं रहा है। आम तौर पर यह माना जाता था कि मीडिया सचेतक की भूमिका निभाएगा। पर मीडिया को भी खरीदने और नियंत्रित करने पर हर राजनैतिक दल अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च करता है जिससे उसका प्रचार होता रहे। पत्रकारिता में इस मानसिकता के जो अपवाद होते हैं वे यथासंभव निष्पक्ष रहने का प्रयास करते हैं ताकि परिस्थितियों और समस्याओं का सही मूल्यांकन हो सके। पर इनकी पहुंच बहुत सीमित होती है, जैसा आज हो रहा है। ऐसे में मतदाता तक सही सूचनाएं नहीं पहुंच पातीं। अधूरी जानकारी से जो निर्णय लिए जाते हैं, वो मतदाता, समाज और देश के हित में नहीं होते जिससे लोकतंत्र कमजोर होता है। सब मानते हैं कि किसी भी देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था ही सबसे अच्छी होती है क्योंकि इसमें समाज के हर वर्ग को अपनी सरकार चुनने का मौका मिलता है। इस शासन प्रणाली के अंतर्गत आमजन को अपनी इच्छा से चुनाव में खड़े हुए किसी भी प्रत्याशी को वोट देकर अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार होता है।

## मक्खी मरी नहीं, तो गई कहाँ ?



आरती कुमारी

नन्हें-नन्हें पंखों वाली नन्ही सी सुंदर काया वाली मक्खी ओर मक्खा यत्र तत्र सर्वत्र निवास करते है। सबसे ज्यादा नटखट, फुर्तीली यह मक्खी सभी जगह घट-घट में मिल जाएगी, दुनिया का ऐसा कोई स्थान नहीं जो मक्खी से अछूता हो। दिन हो या रात मक्खी बिना आलस किए काम करती है। मरघट हो, मुर्दा हो, मिठाई हो, खटाई हो, नाला हो नाली हो, सड़ा गला हो, खाना हो अथवा पाखाना हर जगह मक्खी की मौजूदगी होती है ओर यह मक्खी हर अच्छी- बुरी जगह पर बैठने का एकाधिकार रखती है। अमृतमयी मिठास हो या गंदा बदबूदार स्वाद हो मक्खी इन सारे स्वादों का अनुभव इंसान के कान के पास जाकर भिनभिना कर सुनाती है ओर जो नहीं सुनते उनकी नाक कान में दम कर उसके शरीर के किसी भी भाग मे उछलकूद कर उसे छोड़ जाती है। फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन का भी एक मक्खी से पाला पड़ गया था जिसे लेकर मैं आज भी अचंभित हूँ की जिस मक्खी से उनका सामना हुआ आखिर वह मक्खी मरी नही तो कहा गई? अमिताभ बच्चन का में बचपन से प्रशंसक रहा हूँ ओर उनकी स्टाइल व डिजाइन किए कपड़े विशेषकर बेलवाटम तथा हेयरस्टाइल की दीवानगी मेरे मित्रो पर सवार थी वे तो पहन लिया करते थे किन्तु तब गरीबी के कारण मेरे लिए बेलवाटम पहनना एक सपना था, क्योकि तब मुझे पिताजी के रिजैक्ट किए गए कपड़ों को आल्टर कराकर संतुष्ट होना पड़ता था। बात मक्खी की है इसमें अन्य बातें अनुपयोगी है, अमिताभ बच्चन ओर उनके द्वारा मक्खी मारा जाना उपयोगी है। नमक हलाल फिल्म के मुख्य किरदार अमिताभ बच्चन के मालिक शशि कपूर साहब कुछ रईस सेठों के साथ भोजन करने को तैयार है तभी एक प्लेट पर मक्खी के बैठने ओर अपने मालिक के एतराज की मुझे मक्खियों से सख्त नफरत है कहे जाने के बाद अमिताभ बच्चन ने उस मक्खी का पीछा किया ओर पूरी सतर्कता के साथ जैसे अर्जुन का ध्यान मछली पर था, अमिताभ का ध्यान मक्खी पर था ओर वे लक्ष्य साधकर टेबल पर बैठे अमीरों का आश्रय लेने वाली मक्खी का पीछा करते रहे, लेकिन आखिर तक मक्खी को मार नहीं सके ओर मक्खी खुद उनकी नाक पर जा बैठी जिसे उनके सेठ ने घूसा मारकर मारना चाहा पर वह मरी नहीं, तभी से यह बात मेरे जेहन में थी की आखिर मेरे हीरो को तंग करने वाली वह मक्खी कहां गई? मक्खी का पता नहीं पर अमिताभ बच्चन ने मक्खी मारने का काम कर जबरदस्त वाहवाही लूटी तभी से मक्खी की लोकप्रियता का ग्राफ पूरी दुनिया में छा गया था। अमिताभ की फिल्म रीलीज़ होने के बाद अनेक जगह उनके प्रशंसकों में मक्खी मारने की होड लग गई थी, एक बार लगा की ये सभी इस धरती की सारी मक्खी मारकर धरती को मक्खीविहीन कर देंगे,किन्तु इसी बीच मक्खी नाम की फिल्म आ गई जिसमे मक्खी की आत्मा का आतंक फैलाकर लोगो को डराने का काम इस मक्खी फिल्म ने किया, बस लोग अपने सुपरस्टार अमिताभ के पदचिन्हों पर चलकर मक्खी मारना भूल गए ओर मक्खी फिल्म का खौफ से सभी मक्खीमार गायब हो गए ओर मक्खी की प्रजाति विलुप्त होने से रह गई। मक्खीचूस की बात जरूर निकली जो अपनी कंजूसी के रहते चाय की प्याली मे मक्खी गिरने पर समझता था की इसने चाय पीकर प्याली की चाय कम कर दी तब वह मक्खी उठाकर उसे चूस कर अपनी चाय की नुकसानी की भरपाई मक्खी से करता था। आप सभी मक्खी को बेहतर जानते है ओर यह भी तय है की आप भी मक्खी से आए दिन परेशान होते रहे है? जब भी मक्खियों ने आपको तंग किया होगा तो आपने उन्हे मारने का प्रयास किया होगा किन्तु नटखट तेजतर्रार मक्खी आपकी पकड़ से नौ –दो ग्यारह होने से खुद को बचाती रही ओर आप एक मक्खी भी न मार सके तब आप मक्खी से हार मान गुस्से से लाल पीले हुये होकर रह जाते है। मक्खी हर तरह की गंदगी पर बैठती है ओर अपने पैरों के माध्यम से वह आपके, मेरे, सभी के घरों में किचन से लेकर डायनिग टेबल तक में रखी खाने की वस्तुओं पर बैठकर बीमारी फैलाती है ताकि इस बीमारी से तबाही फैले ओर आप सहित दुनिया में लोग हैजा, प्लेग, शीतला आदि प्राणघातक बीमारी के शिकार हो मर खप सको। आप मक्खी को तबाह करना चाहते है जबकि मक्खी गंदी मैली रहकर मल आदि अपने परों ओर पैरों मे लेकर उडती हुई सभी ओर उछलकूद कर जी भरकर हमे ओर आपको सुरधाम पहुचाने के लिए दिन रात जुटी है। आप भोजन करते हो तब दर्जनों बार यही गंदली मक्खी आपके भोजन ही नही आपके मुह, नाक, कान, गाल सहित अन्य अंगों पर मुह मार चुकती है ओर आप हाथ से उसे भगाने में अपनी ताकत खराब करते हो। आपके जागते, काम करते, पुजा पाठ करते सहित आराम में खलल डालकर सोते समय यही मक्खी आपको दिक्कत में डालकर परेशान करती है , जितना भी उसे भगाने की कोशिस करोगे उड़कर यही मक्खी एक जिद्दी की तरह आपके सामने होगी। आप मक्खी की शरारत ओर नटखटपन से गुस्से में उसे भगा कर थकने के बाद मारने जुट जाते हो ओर भूल जाते हो की आप आम आदमी नहीं जो मक्खी मारे, फिर भी आप उच्च पदों पर उच्च शिक्षित होते हुए बेचारी निम्न मक्खी को मारने मोर्चा संभाल लेते हो ठीक वैसे ही जैसे वीर बहादुर अमिताभ बच्चन ने फिल्म में संभाला था ओर मक्खी मारने में सफल न होकर हसी के पात्र बने थे। सवाल उठता



है कि हम एक से एक आधुनिक मशीनों को ईजाद कर चुके है, मक्खी मच्छर मारने के लिए जिस जहर का इस्तेमाल कर रहे है उससे खुद का स्वास्थ्य भी खराब कर रहे है, पर खुद की दम पर हम एक मक्खी तक नहीं मार सकते है, तब क्या मरी मक्खी का पंख उखाड़ने को अपनी वीरता समझ अपना सीना 56 इंच का बतलाकर फूले नही समाते हो ? समाज मे कुछ लोग जो कुछ भी न करने पर विश्वास रखते है पर ढींग हाँकते है की मक्खी मार रहे है। मक्खी मारना वैसे भी उनके लिए प्रयोग है जो कुछ भी नहीं करते या बेकार का काम करते है। आज सारे देश में युवाओ के पास डिग्री है पर काम नहीं होने से वे बेरोजगार है, उनसे पूंछे कि क्या कर रहे हो तो वे तपाक से कहते है आजकल मक्खियाँ मार रहा हूँ, मतलब कुछ नही कर रहे है। यही हाल राजनीति में हो गया है, नेता एक बार राजनीति में किस्मत प्रयोग कर विधायक, सांसद या स्थानीय नेता चुने जाने के बाद उसे कौन से हीरे जवाहरात की खदान मिल जाती है की वह शून्य से शिखर पर पहुँच जाता है ओर उसके पैर जमीन पर नहीं होते, पर जैसे ही कुर्सी से नीचे पटक दिये जाए तब भी वे क्या कर रहे हो के सबाल का जबाव आजकल जनसेवा कर रहा हूँ अर्थात बेकार हूँ मक्खी मार रहा हूँ होता है। काश राजनेताओं जैसा भाग्य देश के इन युवा बेरोजगारों का क्यो नही होता, उन्हे भी सरकार अपने नेताओं की तरह मक्खी मारने का काम दे देवे तो कम से कम वे आत्मनिर्भर होकर परिवार की ज़िम्मेदारी में शामिल हो सके। देश में जनता ही नहीं सरकार भी गंदगी फैलाती है ताकि उसपर मक्खी बैठे ओर लोगों को मक्खी मारने का काम मिल सके, भले हकीकत में एक भी मक्खी न मर सके पर सरकारी आंकड़ों में मक्खियों को टनों से मरा साबित करेंगे ताकि अधिक मक्खी होने पर आगे मक्खी मारने का धंधा चला सकें?

## कई बार फ्लॉप हो चुकी है ' दो लड़कों की जोड़ी'

अशोक भाटिया

हाल ही में राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला करते हुए प्रधान मंत्री मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है, आप उनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। उन्होंने यह बात राहुल गांधी और अखिलेश यादव की बढ़ती नजदीकियों पर तंज कसते हुए कही और इस बात को उन्होंने अपनी कई जनसभाओं में दोहराया भी । यह पहली बार नहीं है जब यह जोड़ी बनी है और बुरी तरह फ्लॉप हो चुकी है । इस जोड़ी का इतिहास खंगाले तो चूँकि केंद्र की सत्ता पर काबिज होने का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है इसलिए देश के सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में सभी राजनीतिक दल जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में जुट गये हैं। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और विभिन्न विकास परियोजनाओं के सहारे सभी सीटों पर जीत का दावा कर रही है, वहीं विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को भी राज्य में सम्मानजनक लड़ाई लड़ने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) 'इंडिया' गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के सभी सात चरणों के तहत मतदान होगा, जो 19 अप्रैल से शुरू होकर एक जून को समाप्त हो रहा है । 2019 के आम चुनाव में राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 62 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल अपना दल (सोनेलाल) दो सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था। वहीं कांग्रेस एकमात्र रायबरेली सीट पर जीत हासिल करने में सफल हुई थी, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 10, अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी (सपा) ने पांच सीटों पर जीत हासिल की थी। राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) 2019 आम चुनाव में खाता भी नहीं खोल सकी थी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को राज्य से अधिक उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बार भी वाराणसी से चुनाव मैदान में हैं, जहां काशी विश्वनाथ मंदिर के आसपास के क्षेत्र का पुनर्निर्माण सहित कई विकास परियोजनाएं शुरू की गयी हैं। भाजपा सूबे में मोदी की लोकप्रियता और हिंदुत्व के मुद्दे को भुनाने की तैयारी में है साथ ही राज्य के छोटे दलों के समर्थन से भी पार्टी को मजबूती मिल रही है। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की राजग में वापसी से भाजपा को पूर्वांचल क्षेत्र में मजबूती मिली है। राजभर को हाल ही में योगी आदित्यनाथ नेतृत्व की सरकार में मंत्री पद की शपथ दिलाई गयी। इसी तरह, रालोद के नेता जयंत चौधरी के समाजवादी पार्टी को छोड़कर भाजपा के साथ गठबंधन करने के कदम से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजग का काम आसान होने की उम्मीद है, जहां जाटों और कृषक समुदाय का वर्चस्व है। जयंत चौधरी के दादा और किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न की हालिया घोषणा ने स्पष्ट रूप से इस समीकरण को और मजबूती प्रदान की है। वहीं विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' भी राज्य में अपनी खोई जमान बनाने में जुटा है। सपा और कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप के दौर के बाद आखिरकार दोनों दलों के बीच सीट-बंटवारे पर समझौता हो गया, जिससे 'उप्र के लड़कों' की पुरानी यादें ताजा हो गईं। राज्य में 2017 विधानसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच गठबंधन के बाद 'उप्र के दो लड़कों' की यह जोड़ी प्रसिद्ध हुई थी हालांकि चुनाव परिणामों में गठबंधन को मुंह की खानी पड़ी थी। हालांकि उत्तर प्रदेशमें हालिया राज्यसभा चुनावों से संकेत मिला कि सपा के भीतर अभी भी सब कुछ ठीक नहीं है। सपा के आठ से अधिक विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के लिए 'क्रॉस वोटिंग' की थी, जिनमें पार्टी के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय भी शामिल थे। कुछ राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पांडेय को अब रायबरेली से भाजपा का टिकट मिल सकता है, जो लंबे समय से कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का गढ़ रहा है। सोनिया के चुनाव न लड़ने के बाद कांग्रेस खेमा चाहता है कि प्रियंका गांधी वाद्रा रायबरेली से चुनाव लड़ें। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक नया नारा 'पीडीए' दिया है, जिसका मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में इन तीनों वर्गों के बड़ी संख्या में मतदाता हैं। वहीं मायावती ने ऐलान किया है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ सीट बंटवारे पर समझौता नहीं करेंगी। भाजपा ने पिछले कुछ महीनों में विशेष रूप से 'पिछड़े' पसमांदा मुसलमानों को लक्षित करते हुए अल्पसंख्यकों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए हैं। मोदी सरकार में तीन तलाक उन्मूलन को भी मुस्लिम महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के प्रयास के रूप में पेश किया गया है। हालांकि अब तक भाजपा द्वारा घोषित 51 उम्मीदवारों की पहली सूची में किसी मुस्लिम उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की गयी है। भाजपा की सूची में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा प्रमुख उम्मीदवारों में लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, अमेठी से स्मृति ईरानी, मथुरा से हेमा मालिनी और खीरी से अजय मिश्र 'टेनी' शामिल हैं। वहीं कांग्रेस ने अभी तक अपने हिस्से की 17 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं की है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एक लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में है। वहीं सपा 43 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुकी है व कमी लगी तो खुद भी चिनावी मैदान में उम्मीदवार के रूप कूद पड़े है ।




**मेष राशि**–आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि**–आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपकी सेहत पहले से काफी बेहतर रहेगी। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम पूरा होने में समय लग सकता है, लेकिन शाम तक पूरा हो जायेगा।

**मिथुन राशि**–आज आपका दिन पॉजिटिब रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप मेहनत से अपनी पहचान बनाएंगें। आपके कार्यों की सराहना होगी। कुछ नए विषयों में आपकी रूचि बढ़ेगी, जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे।

**कर्क राशि**–आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आज आपको ऐसी जगह से बुलावा आएगा, जहां आप कई दिनों से गए न हो। जीवनसाथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है। आज आपको पैसे की जरूरत होगी, वह किसी करीबी से मिल जाएगा।

**सिंह राशि**–आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन... काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

**कन्या राशि**–आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। आज आप व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, राजनीति से जुड़े लोगों को सभा संबोधित करने का मौका मिलेगा।

**तुला राशि**–आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी से फोनकॉल के द्वारा शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा।

**वृश्चिक राशि**–आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**धनु राशि**–आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज किसी अनुभवी की राय आपके लिए बेहतर साबित होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी पार्क में घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

**मकर राशि**–आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपको जरूरत से ज्यादा सोचने से बचना चाहिए। बच्चे आज आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जिससे आपको प्रसन्नता होगी। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। कहीं रुका हुआ धन आज आपको वापस मिलेगा। आज आपको वाहन सुख मिलेगा।

**कुंभ राशि**–आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है।

**मीन राशि**–आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। किसी उलझन से आज आपको छुटकारा मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका सामाजिक दायरा और सम्मान बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। रिश्तेदारों के घर आने से दिनभर का शेड्यूल बदल सकता है, घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

## आपकी एक वोट इस देश व बच्चों का भविष्य तय करेगी!

मनोज कुमार अग्रवाल

18वीं लोकसभा के लिए पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए तथा दूसरे चरण में 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों पर मतदान संपन्न हो गया है। दोनों ही चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर चेतावनी है।क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था से इस देश की करीब आधी आबादी का मोहभंग तो नहीं हो गया है? मतदान के प्रति इतनी अरूचि की वजह क्या है?

देश इस समय दो विचार धारा के आमने सामने खड़ा है एक विचार सबका साथ सबका विकास का पक्षधर है जबकि दूसरी विचार धारा साम्यवाद वर्ग विशेष के तुष्टिकरण को स्वीकार करती है।आप का एक वोट देश से आतंकवाद के सफाए की मुहिम को बल दे सकता है आपका एक वोट समान नागरिकता कानून को मूर्त रूप दे सकता है यह तय करेगा कि देश शरियत से चलेगा या संविधान से चलेगा। यह तय करेगा कि स्कूल जाती बेटियों को सुरक्षित वातावरण कौन देगा? यह तय करेगा कि तुष्टिकरण के चलते माफिया और दंगाइयों को सत्तर साल तक मिला संरक्षण खत्म होगा या नहीं? यह तय करेगा कि देश में अराजकता बदअमनी पत्थरबाजी करने वालों पर नियंत्रण किया जाएगा या नहीं? यह तय करेगा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा होगी या नहीं? यह तय करेगा कि भारत की ओर आंख उठा कर देखने वालों पर सर्जिकल स्ट्राइक करने वाला नेतृत्व मिलेगा या नही।

गौर तलब है कि एक ओर हम निर्वाचित सरकार से तमाम तरह की अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वही हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलने के लिए तैयार नहीं हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेवार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान देने योग्य है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते हैं तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी टिप्पणी के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार सरकार चुनने के लिए मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का वहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अपराध से कम नहीं है। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर भी विचार हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। निर्वाचन आयोग ने काफी हद तक मतदान को सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार में चुनाव , तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने को प्रतिवद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। अब भारत में भी नोटा का अधिकार मौजूद है हालांकि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा के प्रवधान को हटाया जा चुका है। यूं कहे कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटाया गया है। अमेरिका में नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। जबकि रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा को हटाया जा चुका है। है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों बुद्धिजीवियों राजनीतिक विश्लेषकों , कानूनविदों के बीच नोटा को लेकर गंभीर वहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को चुनावों में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।

मौजूदा दोनों चरण के मतदान के दोरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार की इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर इस बार चुनाव काफी शांति पूर्ण तरीके से व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो रहा है।।पश्चिमी बंगाल और कुछ अशांत अन्य क्षेत्रों में चुनाव आयोग ने केंद्रीय बल की बड़ी तादाद में तैनाती की गई है जिसके परिणाम स्वरूप अपेक्षाकृत बेहतर ढंग से सम्पन्न हो रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों का भी फर्ज है देश भर में आम चुनाव के लिए मतदान केन्द्र कुछ कुछ ही है दूरी पर बनाए जाते है ताकि अपनी सुविधा के अनुसार मतदाता मतदान कर सके। इन दिनों गर्मी का मौसम और शादी विवाह का सीजहोने के वावजूद हमें समय निकाल कर मतदान तो करना ही चाहिए। एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के वावजूद मतदान प्रतिशत 50_60/_प्रतिशत होना यह जाहिर करता है कि आधे नागरिक मतदान करने को ही गैरजरूरी मान बैठे हैं। यह उदासीन मानसिकता बेहद खतरनाक संकेत है जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के भविष्य को चुनौती है। लोकतंत्र की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती कि देश का हर एक नागरिक सत्ता की बागडोर को सौंपने की प्रकिया में भागीदारी करे देश में भाषा क्षेत्र जाति धर्म वर्ण के आधार पर किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से नहीं रोक सकता है। हमारी व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का वहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक वार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता। भारतीय चुनाव आयोग की निष्पक्ष चुनाव सकता है। इसलिए मतदान को अपन कर्तव्य समझ कर घर से वाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। ताकि यह आजादी जिस के लिए हमारे अनगिनत पूर्वजों ने बलिदान दिया तब गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आजादी हासिल की है इसकें महत्व को समझना होगा और मतदान पर्व को पर्व की तरह ही मनाना होगा।ताकि लोकतंत्र जीवित रहे।



# खराब शुरुआत और करीब 20 रन कम बनाने के कारण हारे : राहुल

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने कहा है कि खराब शुरुआत व करीब 20 रन कम बनाने के कारण उनकी टीम इस मैच में हारी। लखनऊ को राजस्थान ने इस मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। राहुल ने कहा कि उनकी टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए करीब 20 से 25 रन कम बनाए जिससे अंतर आया। लखनऊ ने राहुल के 76 रनों की सहायता से पांच विकेट पर 196 रन बनाए और राजस्थान को जीत के लिए 197 रनों का लक्ष्य दिया जो राजस्थान ने 19 ओवरों में ही हासिल कर लिया। इस मैच में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने 33 गेंद में 71 रन बनाये। सैमसन की ध्रुव जुरेल के साथ 121 रन की साझेदारी हुई। जुरेल ने भी नाबाद 52 रन बनाये। इस मैच में राहुल ने तेजी



से खेलते हुए 48 गेंदों में 76 रन बनाये थे। राहुल ने कहा कि कमें करीब 20 रन और बनाने चाहिये थे पर खराब शुरुआत के कारण ऐसा हो नहीं पाया। लखनऊ ने इस मैच में 11 रनों पर ही दो विकेट खो दिये थे। इसके बाद राहुल ने तीसरे विकेट के लिए दीपक हुड्डा 50 के साथ मिलकर 115 रन बनाये पर टीम अंतिम ओवरों में तेजी से रन नहीं बना पायी। वहीं रवि बिश्नोई को देर से गेंदबाजी दिये जाने को लेकर राहुल ने कहा कि हमने सोचा था कि बिश्नोई का उपयोग अंतिम ओवर में करेंगे पर विरोध टीम ने अपने आक्रामक खेल से हमपर दबाद बना दिया। इसी लिए उसे गेंदबाज देने में देर करनी पड़ी। हम रोवमैन पोवेल और शिमरोन हेटमायर के खिलाफ उनका इस्तेमाल करना चाहते थे।

इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम पहले की तरह ही अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है उसने 9 में से 8 मुकाबले जीते हैं जिससे उसके 16 अंक हैं, इस प्रकार उसकी प्लेऑफ के लिए दावेदारी पक्की है। वहीं लखनऊ की टीम नौवें मैच में चौथी हार के साथ चौथे स्थान पर फिसल गयी है।

# बुमराह की गेंदबाजी के वीडियो देखने का लाभ मिला : फ्रेजर




**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटलस के बल्लेबाज जेक फ्रेजर ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 27 गेंदों में ही 84 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस आक्रामक पारी के लिए फ्रेजर की जमकर प्रशंसा हुई है। फ्रेजर ने अब इसका राज खोला है। उन्होंने कहा कि मुम्बई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के वीडियो देखने से उन्हें सहायता मिली। इससे उनके लिए बल्लेबाजी आसान हो गयी।

पूरे मैच में इस युवा बल्लेबाज के प्रदर्शन को सबने सराहा है। इस तेज पारी के बाद फ्रेजर ने कहा कि मैं बल्लेबाजी से पहले काफी घबराया हुआ था। मैंने पूरे दिन बुमराह की फुटेज देखी थी जिसका भी मुझे लाभ मिला। साथ ही कहा कि विश्वकप के सबसे बेहतर गेंदबाजों में शामिल बुमराह के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन से उनका मनोबल बढ़ा है।

## पंड्या ने हार पर निराशा जताते हुए कहा, हम अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये

**नई दिल्ली।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मिली हार पर निराशा जतायी है। पंड्या ने माना कि इससे उनके लिए प्लेऑफ की राह कठिन हो गयी है। उन्होंने कहा कि हमें बीच के ओवरों में जोखिम लेने चाहिये थे पर ऐसा हो नहीं पाया। हमारे बल्लेबाज दिल्ली के स्पिनर अक्षर पटेल को निशाना बना सकते थे पर इसमें हमें सफलता नहीं मिली। पंड्या ने कहा कि हर मैच के साथ ही हमारी हार का अंतर कम हुआ है। शुरुआती मैचों में यह अंतर कुछ ओवरों का होता था जो अब कुछ गेंदों का होता जा रहा है। आज हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करनी थी पर बाएं हाथ के खिलाड़ी अक्षर पर दबाव नहीं बना पाये। वहीं दिल्ली के



बल्लेबाज फ्रेजर मैकगर्क ने स्पिनरों के खिलाफ अवसर लेते हुए पूरा लाभ उठाया। जिसका लाभ दिल्ली को मिला।

इस मैच की शुरुआत में ही मैकगर्क ने 27 गेंदों पर 84 रन बनाये थी। उनके अलावा अभिषेक पोरेल ने 3 चौके और 1 छक्के के साथ 27 गेंदों पर 36 रन बनाये व शाइ होप ने 17 गेंदों पर 5 छक्कों के साथ 41 रन वहीं मुम्बई की ओर से तिलक वर्मा के 63, हार्दिक पांड्या के 46, टिम डेविड के 37 रनों के बाद भी टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी।

## गेंद और बल्ले में संतुलन लाने की जरुरत : गांगुली

**मुम्बई।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी गेंदबाजों की कमजोर हालत पर चिन्ता जतायी है। गांगुली कहा है कि इस आईपीएल सत्र में जिस प्रकार का खेल देखने को मिला है। उससे साफ पता चलता है कि बल्लेबाज हावी हैं और उन्हें रोकना गेंदबाजों के लिए असंभव होता जा रहा है। गांगुली ने कहा कि इसका कारण सपाट पिच होने के साथ ही 'इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज का नियम भी है। इसलिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को कोई ऐसा कोई तरीका खोजना होगा जिससे गेंद और बल्ले में संतुलन बनाया जा सके। गांगुली ने कहा कहा कि जिस प्रकार सभी टीमें आसानी से 200 रन से अधिक बना रही हैं। उससे साफ है कि गेंदबाजों का अब कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। गांगुली ने कहा कि गेंदबाजों के लिए इस प्रकार के हालात ठीक नहीं कहे जा सकते हैं। उनके खिलाफ हर जगह रन बनाए जा रहे हैं। इसलिए भविष्य में इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि खेल में रोमांच के लिए बल्ले और गेंद के बीच संतुलन रहना चाहिए। वहीं इस सत्र में



बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बराबरी लाने के लिए गेंदबाजों को एक से बढ़ाकर दो बाउंसर डालने की भी अनुमति दी गयी थी पर इसका भी कोई लाभ होता नजर नहीं आ रहा। वहीं कई दिग्गजों का मानना है कि 'इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम से ये असंतुलन आया है।

## टी20 विश्वकप में रोहित और यशस्वी पारी की शुरुआत करें : हरभजन

### विराट तीसरे या चौथे नंबर पर उतरें

नई दिल्ली (ईएमएस)। आईपीएल में इस बार अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी की ओर से खेलते हुए सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। विराट ने इस दौरान एक शतक भी लगाया है। इससे विराट की आगामी टी20 विश्वकप के लिए जगह पक्की मानी जा रही है। वहीं पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा को भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए जबकि विराट कोहली को तीसरे नंबर पर आना चाहिए।

हरभजन ने कहा कि शीर्ष स्तर पर बाएं-दाएं संयोजन ठीक रहेगा। यदि 6 से 7 ओवर खेले जाते हैं और ऐसे में यदि हमारे पास शिवम दुबे जैसा खिलाड़ी है, तो वह नंबर 3 पर आ सकता है। ऐसे में विराट 4 नंबर पर उतरें। कोहली एक महान खिलाड़ी हैं , वह किसी भी नंबर पर खेल सकते हैं पर टीम हित पहले आता है। वह भी इस बात से ही सहमत होंगे।

वहीं एक अन्य पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ और बीसीसीआई चयनकर्ताओं को तीन स्पिनर और इतने ही तेज गेंदबाज चुनने को कहा। उन्होंने कहा, अगर आप इस टूर्नामेंट को जीतना चाहते हैं, तो पांच विकेट लेने वाले विशेषज्ञ गेंदबाज रखें, यह आसान है। एक टीम का पतन समझौता बिंदु से होता है।

# व्यापार

## सरकार ने छह देशों को 99,150 टन प्याज निर्यात की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि उसने निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद छह देशों को 99,150 टन प्याज भेजने की अनुमति दी है। केंद्र ने पश्चिम एशिया और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2,000 टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी है। सरकार ने आठ दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने छह देशों- बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। पिछले साल की



तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी की पैदावार कम होने के अनुमान के चलते पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्यात प्रतिबंध लगाया गया है। इन देशों को प्याज निर्यात करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) ने ई-प्लेटफॉर्म के जरिए निर्यात के लिए घरेलू प्याज मंगाया है। हाल ही में भारत ने चालू वित्त वर्ष के दौरान मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं का आटा, चीनी और दाल जैसी कुछ वस्तुओं की निर्दिष्ट मात्रा के निर्यात पर प्रतिबंध को हटा दिया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत मालदीव को इन वस्तुओं के निर्यात की अनुमति दी गई है। मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं का आटा, चीनी, दाल, बजरी और नदी की रेत के निर्यात की अनुमति दी गई थी।

## इस सप्ताह फेड के फैसले से तय होगी बाजार की चाल

### कच्चा तेल और रुपया-डॉलर विनिमय दर भी व्यापार को प्रभावित करेंगे

**मुंबई।** कंपनियों की तिमाही आय के परिणामों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल तय होगी। बाजार के विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू स्तर पर चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मासिक ऑटो बिक्री के आंकड़े मई की शुरुआत में घोषित किए जाएंगे और मतदान का अगला चरण महत्वपूर्ण होगा। वैश्विक मोर्चे पर एक मई को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। इसके अलावा चीन और अमेरिका से जारी होने वाले आर्थिक आंकड़ों के साथ ही वैश्विक मुद्रा बाजार में होने वाली हलचल भी बाजार को प्रभावित करेगी। इस सप्ताह टाटा केमिकल्स, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईओसी, अडाणी पावर, अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी ग्रीन




एनर्जी, एमआरएफ और टाइटन के नजीते आने हैं। उन्होंने कहा कि आगामी अमेरिकी फेडरल नीति, अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल डेटा वैश्विक बाजार को प्रभावित करेंगे। इसके अलावा घरेलू मोर्चे पर तिमाही नतीजों से बाजार प्रभावित होंगे।

## मई में 14 दिन रहेगा बैंकों में अवकाश




**नई दिल्ली।** मई महीने में बैंकों में 14 दिन का अवकाश रहेगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग स्थानों पर 8 दिन बैंकों में छुटटी रहेगी। इनके अलावा 4 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे। महीने की शुरुआत छुट्टी के साथ होगी। 1 मई को महाराष्ट्र दिवस/मई दिवस के कारण बेलापुर, बेंगलुरु, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, पणजी, पटना और त्रिवेंद्रम में बैंक बंद रहेंगे। वहीं लोकसभा चुनाव की वोटिंग के कारण भी मई में 3 दिन कुछ राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। मई 2024 में शेयर बाजार में 8 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 6 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा शेयर बाजार 1 मई को महाराष्ट्र दिवस और 20 मई को मुंबई में लोकसभा चुनाव पर भी बंद रहेगा।

## डीमैट खोलने से पहले जान लें 9 महत्वपूर्ण बातें

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लिए डीमैट अकाउंट खोलना जरूरी है। अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश करने जा रहे हैं तो कुछ बातों का जरूर ख्याल रखें। यहां पर आपको 9 महत्वपूर्ण बातें बताई जा रही है, जिनको अपनाकर आप सही डीमैट अकाउंट का चयन कर अच्छी बचत कर सकते हैं।

- ब्रोकर की विश्वसनीयताः डीमैट खाता उस ब्रोकर के पास खोलें, जिसकी मार्केट में अच्छी विश्वसनीयता हो।
- खाता खोलने का शुल्कः भारत में कई ब्रोकरेज कंपनियां डीमैट खातों पर वार्षिक रखरखाव शुल्क लगाती हैं, जो सीधे खाते की शेष राशि से काट लिया जाता है। डीमैट खोलने से पहले यह चेक करें कि कौन खाता खोलने के लिए कम पैसा ले रहा है।




- ट्रेडिंग प्लेटफॉर्मः आसान ट्रेडिंग के लिए मोबाइल ऐप और वेब इंटरफेस सहित सहज ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की पेशकश करने वाले ब्रोकरों को चुनें।
- रिसर्च और विश्लेषणः रिसर्च रिपोर्ट, बाजार विश्लेषण और शैक्षिक संसाधनों के प्रावधान के आधार पर ब्रोकरों का मूल्यांकन करें।
- ब्रोकरेज शुल्कः ब्रोकरेज शुल्क की तुलना करें, जिसमें लेनदेन शुल्क, ब्रोकरेज दरें और अन्य शुल्क शामिल हैं।
- कस्टमर सपोर्टः ब्रोकर द्वारा दी जाने वाली कस्टमर सपोर्ट सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करें, जिसमें हेल्पलाइन उपलब्धता, ईमेल सपोर्ट और ऑनलाइन चैट विकल्प शामिल हैं।
- अकाउंट की विशेषताएंः मार्जिन ट्रेडिंग, आईपीओ निवेश, म्यूचुअल फंड निवेश और ब्रोकर द्वारा प्रदान की गई अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं जैसी अतिरिक्त सुविधाओं के लिए डीमैट खाते का मूल्यांकन करें।
- सेफ्टी फीचर्सः सुनिश्चित करें कि ब्रोकर दो-कारक ऑथेंटिकेशन और एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल सहित व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के लिए मजबूत सेफ्टी फीचर्स लागू करता है।
- अकाउंट मैनेजमेंटः वैसा शेयर ब्रोकर चुनें जो आसानी से अकाउंट मैनेजमेंट की सुविधा प्रदान करता हो।

## 1 जून से बढ़ेगी ऑडी की कारों की कीमत...अभी खरीद लें

**मुंबई।** लग्जरी कार बनाने वाली जर्मन कंपनी ऑडी ने भारत में अपनी कारों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। हालांकि, प्राइस हाइक तत्काल लागू नहीं हो रही है और ग्राहकों पर ऑडी कारों की बढ़ी कीमत का बोझ 1 जून 2024 से पड़ेगा। कंपनी का कहना है कि ऑडी कारों के इनपुट कॉस्ट लगातार बढ़ रहे हैं, इसके बाद एक जून से अलग-अलग मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत में 2 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जाएगी।

बता दें कि ऑडी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक से बढ़कर एक कारें हैं और इनमें सबसे सस्ती ऑडी क्यू3 है। इसके साथ ही ऑडी ए4, ऑडी ए6, ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक, ऑडी क्यू5, ऑडी क्यू7, ऑडी क्यू8, ऑडी



ए8 एल, ऑडी एस5 स्पोर्टबैक, ऑडी आरएस5 स्पोर्टबैक, साथ ही ऑडी ई-ट्रॉन जीटी, ऑडी क्यू8 50 ई-ट्रॉन, ऑडी क्यू8 55 ई-ट्रॉन जैसी इलेक्ट्रिक कारें भी हैं।

कीमतों की बढ़ोत्तरी पर ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन का कहना है कि इनपुट के बढ़ता खर्च की वजह से हम अपनी कारों की कीमतें 2 फीसदी तक बढ़ाने के लिए मजबूर हैं और यह बढ़ोतरी 1 जून, 2024 से प्रभावी होगी।

पिछले वित्त वर्ष बेचीं 7 हजार से ज्यादा कारें।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 महाराष्ट्र के कोल्हापुर से मोदी बोलेःकांग्रेस कश्मीर में 370 बहाल करना चाहती है,एनडीए से मुकाबले के लिए वे राष्ट्रविरोध एजेंडे और तुष्टीकरण पर उतरे
2 महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोल्हापुर महाराष्ट्र का फुटबॉल केंद्र है,यहां युवाओं के बीच फुटबॉल काफी लोकप्रिय है,पीएम मोदी ने कहा कि अगर मैं फुटबॉल की भाषा में बोलूं तो लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद भाजपा 2-0 से आगे हैं
3 महाराष्ट्र में गरजे पीएम मोदी,कहाःदूसरे चरण का मतदान खत्म होने तक भाजपा 2-0 से आगे
4 मोदी बोलेःINDI गठबंधन 5 साल में पांच पीएम बनाएगा,इनका एक ही एजेंडा,सरकार बनाओ,नोट कमाओ; इनकी सोच में तुष्टिकरण
5 पीएम मोदी ने कोल्हापुर में एक जनसभा को संबोधित करते विपक्ष को आड़े हाथों लिया,उन्होंने कहा कि आतंकी याकूब मेमन की कब्र संवारने वालों से राज्य के विकास की उम्मीद करना बेमानी है
6 महाराष्ट्र-प्रियंका बोलींःएक अंकल जी दरबार लगाकर ज्ञान दे रहे हैं,कांग्रेस आएगी... मंगलसूत्र चुराएगी...किसी और को दे देगी;प्रधानमंत्री बकवास बातें करते हैं
7 मल्लिकार्जुन खरगे का पीएम मोदी,अमित शाह पर निशाना;देश की संपत्ति अंबानी-अदाणी को बेचने का लगाया आरोप
8 हिम्मत है तो वाराणसी से चुनाव लड़ें राहुल गांधी,पीयूष गोयल ने कांग्रेस नेता को दी बड़ी चुनौती
9 भाजपा ने मुंबई नॉर्थ सेंट्रल से उज्ज्वल निकम को उतारा,इन्हीं ने कसाब को फांसी दिलाई;मौजूदा सांसद पूनम महाजन का टिकट कटा
10 पीएम मोदी की उत्तर कर्नाटक में चार रैलियां,बेलगाम पहुंचने पर पूर्व सीएम शेट्टार ने किया स्वागत
11 राहुल-प्रियंका को ही चाहते हैं,सीईसी ने खरगे पर छोड़ा अमेठी और रायबरेली का फैसला
12 आउटर मणिपुर के 6 पोलिंग बूथों पर दोबारा वोटिंग होगी, दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान EVM-VVPAT तोड़ी गई थीं;30 अप्रैल को होगा मतदान
13 रायबरेली लोकसभाःलग सकती है प्रियंका गांधी के नाम पर मुहर,सोमवार को कार्यकर्ताओं संग बनाएंगी रणनीति
14 सपा के गढ़ में गरजेंगे अमित शाह, मैनपुरी-इटावा में जनसभा को किए संबोधित,कई सीटों पर है भाजपा की नजर
15 वोटरों की चुप्पी बढ़ा रही राजनैतिक दलों की धड़कनें,गर्म हवा के झोंकों में निर्णायक मतदाता शांत
16 तेजस्वी यादव ने जीतन राम मांझी पर हमला बोलते हुए कहा कि उनपर आरएसएस का रंग चढ़ गया है
17 जम्मू कश्मीरःसिंध नदी में गिरी कैब,6 टूरिस्ट लापता
18 30 अप्रैल को पंजाब के सीएम भगवंत मान तिहाड़ जेल में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलेंगे
19 पाकिस्तानःविदेश मंत्री इशाक डार को उप प्रधानमंत्री बनाया गया
20 बीजेपी लोकतंत्र को खत्म कर रहीःदमन में बोले राहुल गांधी
21 मैं किसी पार्टी में नहीं जा रहा हूं,मेरी लड़ाई उसूलों को लेकर है,इस्तीफे के बाद बोले अरविंदर सिंह लवली
22 कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया अरविंदर सिंह लवली का इस्तीफा
23 गुजरात एटीएस और एनसीबी का जॉइंट ऑपरेशन,602 करोड़ के 86 केजी ड्रग्स के साथ 14 पाकिस्तानियों पकड़ा
24 कोई भी पीएम बने,भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगाःपी चिदंबरम
25 पश्चिम बंगाल को छोड़कर देश के अन्य हिस्सों में हम कांग्रेस की मदद करेंगेःममता बनर्जी
26 झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर 29 अप्रैल को होगी SC में सुनवाई
27 कांग्रेस चीफ खड़गे ने KC वेणुगोपाल को अरविंदर सिंह लवली से बात करने और विवाद हल करने को कहा
28 SP ने इतनी बार उम्मीदवार बदले हैं, लगता है हार मान ली है,बदायूं में बोले सीएम योगी
29 दिल्लीःकन्हैया कुमार के नामांकन के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रोटेस्ट
30 SP के लोग माफिया की मौत पर आंसू बहाते हैं और फातिहा पढ़ते हैं,बरेली में बोले सीएम योगी
31 वायनाड में PFI की मदद ले रही कांग्रेस,कर्नाटक के बेलगावी में बोले पीएम मोदी
32 महादेव बेटिंग ऐप केसःमेडिकल के बाद मुंबई के कोर्ट में पेश किए जाएंगे एक्टर साहिल खान
33 लखनऊः गोमतीनगर में नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप,2 आरोपी गिरफ्तार
34 दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली का इस्तीफा
35 कोलकाता में महिला बीजेपी नेता पर हमला,अस्पताल में भर्ती,TMC कार्यकर्ताओं पर आरोप
36 उत्तराखंडः भीमताल,रानीबाग, ज्योलीकोट सहित कई इलाकों के जंगलों में अभी भी जल रही आग
37 महादेव बेटिंग ऐप केसःएक्टर साहिल खान को मुंबई पुलिस की SIT ने किया गिरफ्तार
38 30 अप्रैल को बाहरी मणिपुर के 6 मतदान केंद्रों पर फिर से होगी वोटिंग,चुनाव आयोग ने जारी किया निर्देश
39 ED ने AAP विधायक अमानतुल्ला खान को फिर भेजा समन,29 अप्रैल को पेश होने का आदेश
40 दक्षिणी चीन में बवंडर आने से पांच की मौत,33 घायल



# मानसिक सेहत पर जागरुकता फैलाना मुश्किल

**सामंथा रुथ प्रभु एक बेहतरीन अभिनेत्री के साथ-साथ एक स्टाइल आइकन भी हैं। अपने फैशन सेंस की वजह से वो अक्सर चर्चाओं में बनी रहती हैं। अभिनय और फैशन के अलावा सामंथा शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य पर भी काफी ध्यान देती हैं। वह अक्सर इन विषयों पर बात करते नजर आती हैं। अब उन्होंने इन विषयों पर जागरुकता फैलाने के दौरान आने वाली समस्याओं पर बात की है।**

सामंथा को पसंद करने वालों की सूची काफी लंबी है। द फैमिली मैन के बाद उन्होंने साउथ के अलावा हिंदी बेल्ट में भी अपनी पकड़ मजबूत की है। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभी 34 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। सामंथा समय-समय पर सामाजिक जागरुकता पर बात करती रहती हैं। एक ताजा पॉडकास्ट पर उन्होंने अपने फैंस का ध्यान एंटरटेनमेंट से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की ओर ले जाने में होने वाली परेशानियों बात की है। अभिनेत्री ने कहा, मेरे पास जो फैन बेस है, वो ज्यादातर मनोरंजन, फैशन और मेक-अप में दिलचस्पी रखते हैं। इस दौरान उन्होंने लोगों की सोच को बदलने और एक अच्छा परिवर्तन लाने के लिए धैर्य रखने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर लोगों का ध्यान आकर्षित कराने के लिए वह पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। लोगों में सकरात्मक परिवर्तन लाने के लिए वह हर मुमकिन कोशिश करेंगी। इस दौरान उन्होंने लोगों से काम के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य को लेकर भी जागरुक रहने को कहा।

जलवायु परिवर्तन पर भी की थी बात सामंथा लगातार सामाजिक जागरुकता पर बात करती रहती हैं। बीते दिनों ही उन्होंने जलवायु परिवर्तन को लेकर अपने फैंस को भी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया था। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर किए एक पोस्ट के जरिए उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर फैंस को निर्णायक कदम उठाने के लिए जागरुक किया था। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, हर छोटी से छोटी कोशिश भी मायने रखती है, हर छोटा निर्णायक कदम महत्वपूर्ण है। मैं खुद से और आप सभी से ऐसे छोटे-छोटे कदम उठाने का आग्रह करती हूं।



## बॉलीवुड में अपनी बेइज्जती झेल चुकी हैं परिणीति

परिणीति चोपड़ा चोपड़ा अपनी हालिया रिलीज फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर खूब चर्चा में चल रही हैं। अमर सिंह चमकीला के बाद से परिणीति का स्टारडम सातवें आसमान पर पहुंच गया है और एक बार लोगों के बीच उनकी चर्चा भी तेज हो गई है। अभिनेत्री ने अपने संघर्ष के दौर को याद करते हुए कहा कि मैं मीडिल क्लास फैमिली से आती हूं और ज्यादा उम्मीदें नहीं रखती हूं। परी ने आगे बताया कि उन्हें एक को-स्टार ने भी खूब जलील किया था और कहा था कि अगर पैसे नहीं थे तो इस प्रोफेशन में नहीं आना चाहिए था। परी ने यह भी बताया कि लोगों ने कपड़ों से लेकर उनकी बॉडी तक को लेकर भी काफी जज किया था। अभिनेत्री ने बताया कि बॉलीवुड में आना उनके लिए बहुत आसान नहीं रहा है।



# माता-पिता की वजह से मृणाल ने ठुकरा दी थीं कई फिल्में

मृणाल ठाकुर हर किरदार बखूबी अदा करती हैं। अपनी इसी खूबी के चलते वह दर्शकों पर असर छोड़ती हैं। जर्सी से लेकर सीता रामम और हाय पापा तक, कई फिल्मों के जरिए उन्होंने खुद को साबित किया है। हालांकि, मृणाल की जिंदगी में एक ऐसा भी समय था, जब उन्हें कई सारी फिल्में सिर्फ इसलिए रिजेक्ट करनी पड़ीं, क्योंकि उनके अभिभावकों ने इनकार किया था। अभिनेत्री ने इसकी वजह भी बताई है।

### कई फिल्मों के लिए कर दिया इनकार

मृणाल ठाकुर के करियर में ऐसा समय था, जब उन्हें कुछ फिल्में रिजेक्ट करनी पड़ीं। इसकी वजह थी इंटीमेट सीन। दरअसल, मृणाल ठाकुर के पास जिन फिल्मों के ऑफर आ रहे थे, उनमें इंटीमेट सीन की दरकार थी। वहीं, उनके माता-पिता इस चीज को लेकर सहज नहीं थे। हालांकि, आगे चलकर एक वक्त ऐसा आया कि अभिनेत्री ने अपने माता-पिता को यह समझाया कि वह इस तरह स्क्रिप्ट्स को रिजेक्ट नहीं करती रह सकतीं।

### माता-पिता के साथ बैठकर की चर्चा

मृणाल का कहना है, मैं वास्तव में वैसे सीन करने में सहज नहीं थी, जो इंटीमेट थे। उन्होंने आगे कहा कि उनके अभिभावकों ने भी इसकी इजाजत नहीं दी। लेकिन, फिर एक ऐसा समय आया कि उन्हें अपने माता-पिता से इस बारे में बात करनी पड़ी। मृणाल ने कहा, मैं डरी हुई थी। मैं सिर्फ फिल्मों को न कह रही थी। लेकिन, कब तक न कहती रहती? एक ऐसा वक्त आया, मुझे अपने माता-पिता के साथ बैठकर चर्चा करनी पड़ी। उन्हें बताया, पापा, कभी-कभी ये चीजें होती हैं, इसलिए मैं फिल्म मिस नहीं कर सकती। ये मरा चयन नहीं है। मृणाल ने कहा कि उन्होंने अपने पेरेंट्स को यह भी यकीन दिलाया कि वह खुद भी ऐसे सीन करने में सहज नहीं हैं।

### मैं फिल्में छोड़ती रही


मृणाल ने आगे कहा, जितना मैं एक फिल्म करने के लिए उत्साहित थी, मुझे वह छोड़नी पड़ रही थी, क्योंकि उसमें किसिंग सीन शामिल थे। लेकिन, एक कलाकार के रूप में आपको तैयार रहने की जरूरत है, क्योंकि कभी-कभी यह सीन और स्क्रिप्ट की मांग होती है। यदि आप सहज नहीं हैं, तो आप बता सकते हैं। आप इसके बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन मैं इस वजह से फिल्में छोड़ती रही। मृणाल को आखिरी बार फैमिली स्टार में देखा गया था।



# 'हनुमान' के निर्देशक प्रशांत के साथ बनी रणवीर की जोड़ी

फिल्म 'हनुमान' की सफलता के बाद एक इंटरव्यू के हिसाब से निर्देशक प्रशांत वर्मा इस फिल्म की सीक्वल से पहले प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स की दो और फिल्मों की तैयारियां करीब करीब पूरी कर चुके हैं। बताते हैं कि इस बीच उनकी फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह से हुई बातचीत के बाद इस यूनिवर्स से इतर एक और फिल्म की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसके चलते फिल्म 'हनुमान' की सीक्वल 'जय हनुमान' की शूटिंग में विलंब होने जा रहा है और अब इस फिल्म की शूटिंग अब अगले साल शुरू नहीं होगी। इसी साल की शुरुआत में 'अमर उजाला' से बात करते हुए प्रशांत वर्मा ने कहा, फिल्म 'जय हनुमान' से पहले प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स (पीवीसीयू) की दो फिल्में और रिलीज होंगी। एक तो 'अधीरा' होगी ही, दूसरी फिल्म जिसके बारे में मैं सबसे पहले 'अमर उजाला' को बता रहा हूं, वह फिल्म होगी 'महाकाली'। ये शक्ति का समाज से सामंजस्य बिठाती फिल्म है और इसका निर्देशन मैं एक महिला निर्देशक से करा रहा हूं।'

अब तक माना यही जा रहा था कि फिल्म 'जय हनुमान' की शूटिंग साल 2025 में शुरू हो जाएगी लेकिन बताते हैं कि फिल्म 'पुष्पा' और 'पुष्पा 2' बनाने वाली कंपनी मैत्री मूवीज ने इस बीच निर्देशक प्रशांत वर्मा को अपने लिए एक मेगा बजट फिल्म बनाने के लिए राजी कर लिया है। इस फिल्म का बजट करीब 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है और इस फिल्म के हीरो होंगे एक हिट की तलाश में भटक रहे अभिनेता रणवीर सिंह। रणवीर सिंह ने रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। उनके पास फिलहाल फरहान अख्तर की फिल्म 'डॉन 3' और सोनी पिक्चर्स की इंटरनेशनल फिल्म 'शक्तिमान' हैं, लेकिन दोनों की शूटिंग कब शुरू होगी, अभी तक तय नहीं है। प्रशांत वर्मा इन दिनों अपने नए कार्यालय के निर्माण में व्यस्त बताए जाते हैं। ये ऑफिस उन्होंने हैदराबाद में अपने पुराने ऑफिस के पास ही लिया है और इन दिनों इसको सजाने संवारने का काम तेजी से चल रहा है। करीब 25 लोगों की टीम इन दिनों 'अधीरा' और 'महाकाली' की तैयारियों को अंतिम रूप देने में दिन रात जुटी हुई है और फिल्म 'जय हनुमान' में हनुमान की भूमिका के लिए साउथ सिनेमा के एक बड़े सितारे को लेने की बात भी करीब करीब तय हो चुकी है।




# सिनेमाघरों में आते ही पस्त हुई रुसलान मैदान-बड़े मियां छोटे मियां का क्या है हाल

**सिनेमाघरों में आए दिन कोई न कोई फिल्म रिलीज होती है। इनमें से कई फिल्मों दर्शकों का दिल जीतने में सफल साबित होती हैं। वहीं, कई फिल्मों के हाथ बस असफलता लगती है। इन दिनों भी बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्में लगी हुई हैं, जिनका अब बोरिया बिस्तर समेटने के दिन आ गए हैं।**

इस शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई आयुष शर्मा अभिनीत फिल्म रुसलान सिनेमाघरों में आते ही पस्त हो गई है। वहीं, कई दिनों से सिनेमाघरों में लगी बड़े मियां छोटे मियां और मैदान दर्शकों को अब भी पसंद आ रही हैं। हालांकि, अब इन फिल्मों की कमाई में भी गिरावट देखने को मिल रही है।

बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। करण एल भूटानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। हालांकि, ये फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने में फेल साबित हुई है। इस फिल्म में आयुष एक बार फिर खुद को साबित करने में असफल दिखाई दिए हैं। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस के टिकट विंडो पर पहले दिन महज 55 लाख रुपये की ओपनिंग ली। वहीं, दूसरे दिन यानी कि शनिवार को फिल्म ने 85 लाख रुपये की कमाई की है। इसके साथ ही दो दिन में फिल्म ने 1.40 करोड़ की कमाई की है।

### बड़े मियां छोटे मियां


अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां दर्शकों का अब भी मनोरंजन कर रही है। हालांकि गुजरते दिनों के साथ फिल्म




की कमाई में गिरावट देखी जा रही है। बड़े मियां छोटे मियां की कमाई अब लाखों में सिमट गई है। शुक्रवार यानी कि 16वें दिन 45 लाख रुपये की कमाई की थी। वहीं, 17वें दिन फिल्म ने 65 लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही फिल्म का कुल कलेक्शन 59.55 करोड़ रुपये हो गया है।

### मैदान

अजय देवगन स्टारर मैदान भी दर्शकों को पसंद आ रही है। ये फिल्म भी मजबूती के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपने पैर जमाए हुए है। हालांकि फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन वक्त के साथ फीका होता दिख रहा है। मगर इस वीकेंड पर मैदान की कमाई में उछाल देखने की मिली है। 16वें दिन फिल्म मैदान ने 75 लाख रुपये की कमाई की थी। वहीं, बीते दिन शनिवार यानी कि 17वें दिन फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही मैदान का टोटल कलेक्शन 40.85 करोड़ रुपये हो गया है।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **आरती कुमारी** द्वार अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना - 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना - 800006 से प्रकाशित। ***संपादक - अविनाश**। संपादकीय कार्यालय : 8वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना - 800001, RNI : BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेबार।